


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659

वर्ष- 14 अंक - 320 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 2 सितंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास - खबर

### रेलवे ने फिर रद्द की कई ट्रेनें, 3 से 14 सितंबर तक यात्रियों को होगी परेशानी

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे लगातार ट्रेनों को रद्द कर रहा है। एक बार फिर से बिलासपुर से लेकर गोंदिया के बीच चलने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। 3 से लेकर 13 सितंबर के बीच यह ट्रेनें रद्द रहेंगी। ट्रेनों के रद्द होने से रोजाना यात्रा करने वालों को काफी परेशानी होगी।

#### *रद्द होने वाली गाडियां*

3 सितम्बर से 12 सितम्बर तक 08746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

4 सितम्बर से 13 सितम्बर तक 08745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

9 सितम्बर से 12 सितम्बर तक 08740/08739 बिलासपुर शहडोल बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

3 सितम्बर से 12 सितम्बर तक 08729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

4 सितम्बर से 13 सितम्बर तक 08730 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

3 सितम्बर से 12 सितम्बर तक 08701/08702 रायपुर-दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

3 सितम्बर से 12 सितम्बर तक 08714/08715 इतवारी-बालाघाट-इतवारी मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

3 सितम्बर से 12 सितम्बर तक 07805/07806 गोंदिया-कटंगी-गोंदिया डेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

3 सितम्बर से 12 सितम्बर तक 07809 गोंदिया-कटंगी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

4 सितम्बर से 13 सितम्बर 07810 कटंगी-गोंदिया पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

3 सितम्बर से 12 सितम्बर तक 08806 गोंदिया-वाडसा मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

4 सितम्बर से 13 सितम्बर 08808 वाडसा-चांदाफ़ोर्ट मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

4 सितम्बर से 13 सितम्बर 08805 चांदाफ़ोर्ट-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

3 सितम्बर से 12 सितम्बर 08723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

4 सितम्बर से 13 सितम्बर 2023 तक 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

# इसरो ने रचा इतिहास, चांद के बाद अब सूर्य को जानने आदित्य एल-1 लॉन्च

### सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से ठीक 11:50 बजे हुआ लॉन्च, चार माह में पहुंचेगा लक्ष्य तक



**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 को सफ्लतापूर्वक उतारने के बाद अब सूर्य मिशन भी लॉन्च कर दिया है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शनिवार को आदित्य-एल1 मिशन को लॉन्च किया। सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र श्री हरिकोटा आंध्रप्रदेश से इसरो ने सफ्लता पूर्वक आदित्य-एल1 को लॉन्च कर दिया। आदित्य के साथ इसरो ने 7 पोलेड भी भेजे। इस मिशन का उद्देश्य सूर्य का अध्ययन करना है।

इसरो से मिली जानकारी के अनुसार आदित्य एल-1 को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंजियन बिंदु से सूर्य का अध्ययन करेगा। लॉन्च से एल1 तक के पूरे सफर में आदित्य-एल1 को लगभग चार महीने लगेंगे। आदित्य एल-1 सौर कोरोना की बनावट और इसके तपने की प्रक्रिया, इसके तापमान, सौर विस्फोट और सौर तूफान के कारण और उत्पत्ति, कोरोना और कोरोनल लूप प्लाज्मा की बनावट, वेग और घनत्व, कोरोना के चुंबकीय क्षेत्र की माप, कोरोनल मास इजेक्शन की उत्पत्ति, विकास और गति, सौर हवाएं और अंतरिक्ष के मौसम को प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन करेगा।

### चंद्रयान मिशन की सफलता के बाद इसरो चीफ सोमनाथ ने की थी घोषणा

चंद्रयान-3 मिशन की सफ्लता के कुछ घंटों के बाद ही इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ ने आदित्य एल-1 मिशन को लॉन्च करने की घोषणा कर दी थी। इसरो प्रमुख ने यह भी बताया कि सूर्य का अध्ययन क्यों जरूरी है। उन्होंने बताया कि सूर्य निकटतम तारा है और इसलिए अन्य तारों की तुलना में इसका अधिक विस्तार से अध्ययन किया जा सकता है। इसरो के मुताबिक, सूर्य का अध्ययन करके हम अपनी आकाशगंगा के तारों के साथ-साथ कई अन्य आकाशगंगाओं के तारों के बारे में भी बहुत कुछ जान सकते हैं।

### आदित्य एल-1 मिशन से जुड़ी खास बातें

- आदित्य-एल1 मिशन सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सेट ले जाएगा। विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ(वीईएलसी) सूर्य के वायुमंडल के सबसे बाहरी भाग यानी सौर कोरोना और सूरज में होने वाले सबसे शक्तिशाली विस्फोटों यानी कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता का अध्ययन करेगा।
- सोलर अल्ट्रा-वायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) नामक पेलोड अल्ट्रा-वायलेट (यूवी) के निकट सौर प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर की तस्वीरें लेगा। इसके साथ ही SUIT यूवी के नजदीक सौर विकिरण में होने वाले बदलावों को भी मापेगा।
- आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) और प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य (पीएपीए) पेलोड सौर पवन और शक्तिशाली आयनों के साथ-साथ उनके ऊर्जा वितरण का अध्ययन करेंगे।
- सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर और हाई एनर्जी एल 1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर विस्तृत एक्स-रे ऊर्जा रेंज में सूर्य से आने वाली एक्स-रे किरणों का अध्ययन करेंगे। वहीं मैग्नेटोमीटर पेलोड को एल1 बिंदु पर दो ग्रहों के बीच के चुंबकीय क्षेत्र को मापने के लिए बनाया गया है।

सूर्य एक अत्यंत गतिशील तारा है जो हम जो देखते हैं उससे कहीं अधिक फैला हुआ है। इसमें कई विस्फोटकारी घटनाएं होती हैं इसके साथ ही सौर मंडल में भारी मात्रा में ऊर्जा भी छोड़ता है।

आदित्य-एल1 के सातों विज्ञान पेलोड की खास बात है कि ये देश में विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं। ये सभी पेलोड इसरो के विभिन्न केंद्रों के सहयोग से विकसित किए गए हैं।

## छत्तीसगढ़ में एसआई भर्ती परीक्षा का रास्ता साफ, अंतरिम राहत देने एससी का इंकार

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में एसआई, प्लाटून कमांडर, सूबेदार सहित अन्य पदों पर होने वाली भर्ती का रास्ता साफहो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकाकर्ताओं के स्पेशल लिव पीटिशन पर अंतरिम राहत देने से इंकार करते हुए आवेदन को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा अभी मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। लिहाजा, हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे। उम्मीदवारों ने याचिका में व्यावसायिक परीक्षा मंडल की परीक्षा में अनियमितता के आरोप लगाए हैं, जिस पर हाईकोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया पर स्थगन देने से मना कर दिया था।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने सब इंस्पेक्टर, सूबेदार, प्लाटून कमांडर, सब इंस्पेक्टर (रेडियो), सब इंस्पेक्टर (कंप्यूटर) सहित अन्य 971 पदों पर की जा रही है। इस भर्ती को चुनौती देते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में उम्मीदवारों ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की है। याचिका की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने राज्य शासन को निर्देशित किया है कि सूची का परीक्षण कर लें ताकि प्लाटून कमांडर में महिला की भर्ती न हो। सरकार ने कोर्ट को परीक्षण के बाद ही प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया था।

## 568 स्वास्थ्य कर्मियों को कलेक्टर ने किया बर्खास्त

### 21 अगस्त से हड़ताल पर, नोटिस के बाद भी नहीं लौटे काम पर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में 568 स्वास्थ्य कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया है। यह सभी स्वास्थ्यकर्मी अपनी मांगो को लेकर 21 अगस्त से हड़ताल पर थे। दो बार जिला प्रशासन ने काम पर लौटने को लेकर नोटिस जारी किया था, लेकिन काम पर नहीं लौटने के कारण डीएम डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया है।



दरअसल, स्वास्थ्य फेडरेशन ने 21 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दी थी। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सभी कर्मचारी हड़ताल पर डटे हुए थे। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में स्वास्थ्य विभाग के एएनएम, एमपीडब्ल्यू, नर्सिंग संवर्ग कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर की जाए, चिकित्सकों के लंबित वेतनमान, भत्ते एवं स्टाइपेंड प्रदान किये जायें। मुख्यमंत्री द्वारा घोषित विशेष कोरोना भत्ता प्रदान किया जाए, अस्पताल में कार्य के दौरान डॉक्टर्स एवं नर्सिंग स्टॉफके साथ होने वाली हिंसा पर रोक लगाने को लेकर कड़े कदम उठाए जाने जैसी मांगे शामिल हैं।

कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही थी। नक्सल प्रभावित इलाका होने के कारण स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखकर प्रशासन ने दो बार काम पर लौटने नोटिस जारी किया था। बावजूद इसके काम पर कर्मचारी नहीं लौटे। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला का कहना है कि स्वास्थ्य सेवा बेहद आवश्यक सेवा में से एक है। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। जिले के बहुत से दूरस्थ अंचल है और इनमें स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही ठीक नहीं इसलिए यह कार्रवाई की गई है।



## संपादकीय

# एक साथ चुनाव

एक देश एक चुनाव पर विचार की गंभीर पहल बहुत महत्वपूर्ण और आकर्षक है। उससे भी दिलचस्प यह है कि इस विचार को लागू करने की व्यावहारिकता का पता लगाने के लिए बनाई गई समिति का अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को बनाया गया है। पूर्व राष्ट्रपति के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम अध्ययन करेगी कि क्या पूरे देश में लोकसभा चुनाव के साथ ही तमाम विधानसभाओं के चुनाव कराना संभव है? समिति के प्रकार से ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार एक देश एक चुनाव का मन बना चुकी है, अब वह केवल इस बात पर काम करेगी कि फैसले को कैसे लागू किया जा सकता है। जाहिर है, भारत जैसे विशाल देश में विधानसभा चुनावों के साथ लोकसभा चुनाव कराना कतई आसान नहीं है। एक देश एक चुनाव का फैसला अगर लिया जाता है, तो क्रांतिकारी होगा। लोकतंत्र में स्थिरता भले आएगी, पर सियासी दलों के लिए समस्या बढ़ जाएगी। सरकारों को गिराने की साजिशों पर लगाम लगेगी, पर राष्ट्रपति शासन की जरूरत बढ़ जाएगी। कहीं बहुमत न होने की स्थिति में चुनाव का लंबा इंतजार भी करना पड़ सकता है। ऐसी तमाम आशंकाओं और संभावनाओं पर पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में विचार होगा। यह सर्वज्ञात बात है कि साल 1967 तक देश में विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव साथ ही होते थे। संयुक्त विधायक दल के दौर और केंद्रीय स्तर पर कांग्रेस के अंदर खींचतान के कारण एक देश एक चुनाव का क्रम टूट गया। अब देश में जरूरत के मुताबिक चुनाव होते रहते हैं।

> “ वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके पक्ष में चर्चा कर चुके हैं। विधि आयोग की सिफारिश भी इसके पक्ष में है। इस विषय पर सर्वदलीय बैठक भी हो चुकी है, मगर इस पर एकराय नहीं बन सकी थी। अब देश के राजनेताओं को इस साहसिक फैसले के लिए तैयार होना चाहिए।

मध्यावधि चुनाव भी हुए हैं। क्या एक देश एक चुनाव की स्थिति में मध्यावधि चुनाव की संभावना खत्म हो जाएगी? क्या राजनीतिक दल इस पर सहमत हो सकेंगे? पूर्व राष्ट्रपति को सभी संबंधित पक्षों से चर्चा करके आगे का रास्ता तय करना पड़ेगा। संविधान विशेषज्ञों की भी जरूरत पड़ेगी। एकाधिक संविधान संशोधन भी करने पड़ेंगे। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आश्वस्त किया है कि समिति की रिपोर्ट आएगी, जिस पर चर्चा होगी। संसद परिपक्व है और घबराने की जरूरत नहीं है। वैसे एक देश एक चुनाव का विचार नया नहीं है। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके पक्ष में चर्चा कर चुके हैं। विधि आयोग की सिफारिश भी इसके पक्ष में है। इस विषय पर सर्वदलीय बैठक भी हो चुकी है, मगर इस पर एकराय नहीं बन सकी थी। अब देश के राजनेताओं को इस साहसिक फैसले के लिए तैयार होना चाहिए। एक देश एक चुनाव से निस्संदेह चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी और समय भी खूब बचेगा। राजनीतिक पार्टियों को भी शासन-प्रशासन के लिए ज्यादा समय मिलेगा और चुनावी कामकाज जल्दी निपट जाया करेंगे। ज्यादातर बड़ी व राष्ट्रीय पार्टियां हमेशा ही चुनावी मुद्रा में रहती हैं, जिससे अनेक बड़े फैसले टलते रहते हैं। इस साल नवंबर-दिसंबर में पांच राज्यों- मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने हैं और इसके बाद अगले साल मई-जून में लोकसभा चुनाव। शायद हर साल चार से पांच राज्यों में चुनाव की नौबत आती है। बहरहाल, इस विषय पर समिति गठन के बाद राजनीति भी तेज हो गई है, जबकि यह ठीक नहीं है। इसके लिए राजनीतिक दलों में समन्वय होना जरूरी है। अगर आने वाले दिनों में किसी दल को इस विचार का विरोध करना है, तो उसे ज्यादा गंभीर तथ्य और तर्क के साथ सामने आना होगा।

## नूंह का सार-संक्षेप

सावन की आखिरी सोमवारी को हरियाणा के नूंह में शांति बनी रही। प्रशासन की इस बात के लिए तारीफ की जानी चाहिए कि उसने इसके लिए वहां पुख्ता इंतजाम किए। उन्होंने यह सही फैसला किया कि इस अवसर पर परंपरा के मुताबिक लोग स्थानीय स्तर पर जलाभिषेक करें, लेकिन बाहरी लोगों को वहां आकर जुलूस निकालने और सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। प्रशासन ने इस निर्णय पर प्रभावशाली अमल भी किया। इस तरह महीने भर पहले ऐसे ही जुलूस के कारण जैसा दंगा भड़का था, उसकी आशंकाओं को निर्मूल कर दिया गया। अगर बड़े संदर्भ में देखें, तो इस घटनाक्रम में एक बड़ा संदेश छिपा हुआ है। इससे यह साफ हुआ है कि अगर प्रशासन मुस्तैद हो, तो अशांति और दंगों को रोका जा सकता है। इस बात की पुष्टि आयरलैंड से लेकर अशांति ग्रस्त रहे कई देशों और भारत के सांप्रदायिक दंगों के बारे में हुए अकादमिक अध्ययनों से भी हुई है कि प्रशासन के सचमुच ना चाहने पर पहले तो दंगे भड़कते ही नहीं हैं, लेकिन असामान्य स्थितियों में ये भड़क भी गए, तो कुछ घंटों के अंदर उन पर काबू पा लिया जाता है।

लोकतांत्रिक देशों में हुए अध्ययन इस नतीजे पर पहुंचे कि उन दलों के शासनकाल में लंबा खिंचने वाले दंगे लगभग नहीं होते हैं, जिनका सियासी स्वार्थ अल्पसंख्यक समुदायों के वोटों से जुड़ा होता है। यह आम तजुर्बा है कि दंगों में सबसे ज्यादा नुकसान इन्हीं समुदायों को होता है। जबकि आतंकवाद में जान-माल की सबसे ज्यादा हानि बहुसंख्यक समुदाय को उठानी पड़ती है। एक बिंदु पर जाकर ये दोनों परिघटनाओं में संबंध भी कायम हो जाता है। नतीजतन दंगों का होना या उनका जारी रहना अंततः किसी समुदाय के हित में नहीं होता। इसलिए यह अपेक्षा हर सरकार और प्रशासन से रहती है कि वह दंगों और आतंकवाद के प्रति समान सख्त रुख अपनाए। आशा है कि नूंह के अनुभव से देश भर की सरकारें सबक लेंगी। यह सबको याद रखना चाहिए कि हिंसक घटनाओं से ना सिर्फ देश की बदनामी होती है, बल्कि ऐसी घटनाएं लंबी अवधि में आर्थिक खुशहाली की राह रुकावट भी बनती हैं।

## इंडिया में विवाद नहीं, मंशा सबकी!

यह सही है विपक्षी पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर कोई विवाद नहीं है लेकिन यह भी सही है कि दावेदारी सबकी है। कम से कम पांच पार्टियों की ओर से अपने नेता को दावेदार के तौर पर पेश कर दिया गया है। हालांकि दावेदारी पेश करने के बाद सफाई देकर उसका खंडन भी कर दिया गया लेकिन आधिकारिक रूप से यह बात दर्ज हो गई कि अमुक नेता विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करना चाहता है या गठबंधन की जीतने पर प्रधानमंत्री बनना चाहता है। जिन पार्टियों की ओर से दावेदारी की गई है उनकी ओर से मजबूत तर्क भी दिए गए हैं। प्रधानमंत्री पद के दावेदारों में सबसे ताजा नाम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का है। उनसे पहले राहुल गांधी, नीतीश कुमार, उद्धव ठाकरे, शरद पवार और ममता बनर्जी दावेदार हैं, जबकि मल्लिकार्जुन खड़गे डार्क हॉर्स हैं।

केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने मुंबई की बैठक से ठीक पहले कहा कि अरविंद केजरीवाल प्रधानमंत्री पद के लिए सबसे उपयुक्त दावेदार हैं क्योंकि उनके पास विकास का एक नजरिया है, जिसे वे पूरे देश में लागू कर सकते हैं। गौरतलब है कि केजरीवाल की पार्टी विचारधारा की जगह गवर्नेंस को तरजीह देती है और उसके लिए गवर्नेंस का मतलब मुफ्त में पानी, बिजली उपलब्ध कराना है। हालांकि प्रियंका कक्कड़ के बयान के तुरंत बाद पार्टी के बड़े नेता सक्रिय हुए और इसका खंडन किया। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा के साथ साथ दिल्ली सरकार की नंबर दो मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल प्रधानमंत्री पद के दावेदार नहीं हैं।

> “ सरकार का मानना है कि कानून-व्यवस्था में बहुत हद तक सुधार आई है। कश्मीर में पत्थरबाजी और हड़ताल की घटनाएं पिछले पांच साल में शून्य हो गई हैं। सुरक्षा बलों की शहादत और हत्या-हिंसा में भी काफी कमी आई है। आमतौर पर एक बड़ा तबका केंद्र सरकार व स्थानीय प्रशासन से काफी खुश है, क्योंकि यहां इन दिनों काफी विकास कार्य हो रहे हैं, जो पिछले सात दशक में नहीं हुए थे।

# चुनावी तारीखों के इंतजार में कश्मीर

अश्वनी कुमार, वरिष्ठ पत्रकार

जम्मू-कश्मीर में चुनाव की चर्चा तेज हो गई है। केंद्र सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने संबंधी बयान के बाद यहां के राजनीतिक दलों के नेताओं व लोगों को लगने लगा है कि सरकार इस बार विधानसभा चुनाव कराने को लेकर गंभीर है। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर में नौ साल पहले 2014 में विधानसभा के चुनाव हुए थे, उसका कार्यकाल खत्म होने से पहले ही 22 नवंबर, 2018 को तत्कालीन राज्यपाल सतपाल मलिक ने विधानसभा को भंग कर दिया था और तब से यहां राज्यपाल या उप-राज्यपाल का शासन चल रहा है।

हालांकि, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनावों को लेकर तो इरादा जता दिया है, मगर यहां के राजनेता, बुद्धिजीवी और पत्रकार मानते हैं कि केंद्र सरकार इस तरह के बयान पिछले दो वर्षों में अलग-अलग मंचों पर दे चुकी है। यहां भाजपा भी अपने कार्यकर्ताओं को यह विश्वास नहीं दिला पा रही है कि आखिर चुनाव कब होंगे? स्थानीय स्तर पर अगर देखें, तो भाजपा, नेशनल कांफ्रेंस, कांग्रेस, पीडीपी और अन्य दल पिछले कई महीनों से चुनावी मुद्रा में हैं।

कश्मीर के बुद्धिजीवियों और विद्वानों का मानना है कि केंद्र सरकार 2024 के आम चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर में चुनाव नहीं कराएगी और यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट के सामने सरकार ने किसी महीने या तारीख के बारे में कोई प्रतिबद्धता जाहिर नहीं की है। शायद केंद्र सरकार जल्दबाजी में चुनाव इसलिए नहीं करवा रही, क्योंकि उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा पहले भ्रष्टाचार और आतंकवाद से मुक्त केंद्र शासित प्रदेश के निर्माण में लगे हैं। विकास



अगर एक बार पटरी पर चल पड़ेगा, तो शांतिपूर्ण चुनाव में कामयाबी मिलेगी और दुनिया में उसका संदेश भी अच्छा जाएगा।

सरकार का मानना है कि कानून-व्यवस्था में बहुत हद तक सुधार आई है। कश्मीर में पत्थरबाजी और हड़ताल की घटनाएं पिछले पांच साल में शून्य हो गई हैं। सुरक्षा बलों की शहादत और हत्या-हिंसा में भी काफी कमी आई है। आमतौर पर एक बड़ा तबका केंद्र सरकार व स्थानीय प्रशासन से काफी खुश है, क्योंकि यहां इन दिनों काफी विकास कार्य हो रहे हैं, जो पिछले सात दशक में नहीं हुए थे। लोग इसलिए भी खुश हैं कि कश्मीर में पहले जैसा खून-खराबा खत्म हो गया है, जिसमें ज्यादातर आम लोग ही पिसते थे। पर्यटकों की आमद बढ़ती ही जा रही है, जिससे रोजगार के मौके बहाल हुए हैं। हड़ताल और पत्थरबाजी की वारदात खत्म होने से भी लोगों को बड़ा सुकून मिला है। स्कूल, कॉलेज पूरे खुल रहे हैं, खेल गतिविधियां भी बढ़ी हैं। अब यहां के बच्चे पुरस्कार जीत रहे हैं। यहां बहुत कुछ ऐसा अच्छा हो रहा है, जो 33 साल के आतंकवाद और अलगाववाद के दौर में मुमकिन नहीं था।

वैसे, यहां एक तबका खुश नहीं है। उसका कहना है कि जम्मू-कश्मीर में 2018 में विधानसभा के भंग होने के बाद और 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35ए के खत्म होने के बाद 'डेमोक्रेसी' बिल्कुल नहीं है। जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के उप-प्रधान और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का कहना है कि उनकी पार्टी केंद्र से चुनाव की भीख नहीं मांगेगी। उनका कहना है कि सरकार विधानसभा के चुनाव कराने में क्यों डर रही है? जब उसका दावा है कि यहां कानून-व्यवस्था बिल्कुल ठीक है, तब संसदीय चुनावों के साथ विधानसभा के चुनाव करा देने चाहिए, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ जाएगा। वैसे, राजनीतिक दलों की ओर से दी जा रही यह दलील जम्मू-कश्मीर में नई नहीं है।

तय है, यहां चुनाव जब भी होंगे, बहुत दिलचस्प होंगे, क्योंकि इस बार के चुनाव अलगाववादी नेताओं और आतंकवादियों के दखल के बिना होंगे। राजनीतिक विशेषज्ञों और बुद्धिजीवियों का मानना है कि इस बार के चुनाव में हुर्रियत कांफ्रेंस, उसके नेताओं और उनके संगठनों का नामो-निशान नहीं होगा। सब जानते हैं कि जम्मू-कश्मीर में पिछले पांच साल में काफी बदलाव आया है, पर अभी तक कोई भी राजनीतिक पार्टी जमात के वोट को अपनी तरफनहीं खींच पाई है। साल 1977 में जब केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी थी, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई श्रीनगर में अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक के पिता मौलाना फारूक के घर गए थे और वहां सभी तत्कालीन अलगाववादी नेताओं से मिलकर उनको विश्वास दिलाया था कि जम्मू-कश्मीर में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए जाएंगे। इस दौरान कई अलगाववादी नेता जनता पार्टी में शामिल हो गए थे और चुनाव लड़कर कामयाब भी हुए थे। ऐसे नेताओं में सईद अली शाह गिलानी भी शामिल थे। अभी भी कश्मीर में पुराने लोग याद करते हैं कि साल 1977 के विधानसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हुए थे।

उसके बाद भी प्रयास तो हुए, पर एक तबका है, जिसे मुख्यधारा की राजनीति में लाने का काम बचा हुआ है। क्या आगामी चुनाव में यह काम मुमकिन हो सकेगा? जमात के वोट मुख्यधारा के दलों को हासिल हो सकेंगे? जमात के वोट को अभी तक न तो अल्ताफ बुखारी समेट पाए हैं और न सज्जाद लोन। यहां ज्यादातर जानकारों का मानना है कि इस बार पहले के मुकाबले में चुनाव स्थानीय मुद्दों पर ज्यादा आधारित रहेंगे। लोग स्थानीय दलों को ज्यादा वोट देंगे।

बहरहाल, आम लोग भी मानते हैं कि चुनावों को ज्यादा टालना ठीक नहीं है और चुनाव के लिए राजनीतिक दल भी तैयार हैं। देखना है, क्या गुलाम नबी आजाद की आजाद पार्टी कुछ खास मतदाताओं को अपनी तरफ आकर्षित कर पाएगी? क्या कश्मीर में भी नए विपक्षी गठबंधन- इंडिया -का कोई स्वरूप उभरेगा? भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को मतदान केंद्र के स्तर पर प्रशिक्षण देने का काम शुरू कर दिया है। अब सबको चुनावी तारीख का इंतजार है।

कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों की घोषणा से पहले केंद्रशासित प्रदेश को पूरी तरह से राज्य का दर्जा देने की घोषणा इस माह संसद के विशेष सत्र में भी हो सकती है। यह भी एक ऐसी घोषणा होगी, जिसका इंतजार चल रहा है। दूसरी ओर, पीडीपी जैसी पार्टी अभी भी अनुच्छेद 370 और 35ए की बहाली के इंतजार में है। वैसे ज्यादातर कश्मीरी मानते हैं कि यह समय पीछे नहीं, बल्कि आगे देखने का है, और इसी में तरक्कीपसंद कश्मीर का मुस्तकबिल भी है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# पैसे की चिंता में अपनी झुर्रियां और न बढ़ाएं वरिष्ठ नागरिक

मोनिका हालन, वरिष्ठ पत्रकार

एक बूढ़ी महिला द्वारा कई हजार करोड़ की संपत्ति कुछ लाख में सौंप देने की विचित्र कहानी पिछले हफ्ते पहले पन्ने पर छपी थी। एक ठग ने मीठी-मीठी बातें करके नई दिल्ली में तीन एकड़ की संपत्ति पर केवल 40 लाख रुपये और आजीवन देखभाल का वादा करके कब्जा कर लिया। बुजुर्गों के साथ गलत व्यवहार भारतीय घरों में धड़ल्ले से जारी हैं, भले ही अलग-अलग पैमाने पर।

भारत में वृद्धों की वित्तीय स्थिति नामक एजवेल फाउंडेशन के अध्ययन में पाया गया है कि शहरी क्षेत्रों में वृद्ध संपत्ति में समृद्ध और नकदी में गरीब हो गए हैं। अचल संपत्ति से उनकी कमाई तीन प्रतिशत से भी कम है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि लगभग 70 प्रतिशत संपत्ति व पैसे वाले वरिष्ठ नागरिक पारिवारिक झगड़ों में शामिल थे। उनकी वार्षिक आय का लगभग 45 प्रतिशत चिकित्सा पर खर्च हो जाता है और लगभग 80 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों को भविष्य की वित्तीय जरूरतों के बारे में चिंता रहती है।

धीमी पड़ती दिमागी तेजी और शारीरिक क्षमताएं वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी प्रकार के धोखे या घात के प्रति संवेदनशील बनाती हैं, परिवार के अंदर और बाहर, दोनों जगह। पावर ऑफ अटॉर्नी और संपत्ति का स्वामित्व पाने के लिए पूरी तरह से दबाव डालने के साथ-साथ भावनात्मक ब्लैकमेल और सहायता रोकना एक बड़ा खतरा है। संपत्ति हासिल करने के लोभ में बुजुर्गों की चिकित्सा सहायता रोक दी जाती है। बाहर से आने वाला खतरा साइबर अपराध, धोखाधड़ी और वित्तीय उत्पादों की गलत बिक्री के साथ सामने आता है।

अधिक चिंता की बात यह है कि वरिष्ठ नागरिकों के पास वित्तीय सलाह लेने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं है। एक मित्र की 80 वर्ष से अधिक उम्र की मां दिन के समय घर से गायब होने लगीं। एक दिन दोस्त ने उनका पीछा किया और



उन्हें एक आदमी से बात करते देखा। पता चला कि वह एक बीमा एजेंट था, जो वृद्ध मां से विभिन्न बीमा पॉलिसियों पर हस्ताक्षर करवा रहा था।

परिवारों के अंदर बुजुर्गों से होने वाले धोखों से निपटना कठिन है और अधिकांश लोग इस पर ईमानदारी से बात करने से कतराते हैं। यदि आप वरिष्ठ हैं, तो आप भी खतरे से निपटने को आसान बना सकते हैं। सबसे पहले समझें कि यह आपके जीवन का आखिरी एक या दो दशक है, जब आपके हाथ कांपेंगे और याददाश्त धुंधली हो जाएगी। आपके कवच के रूप में दो हथियार हैं- संचार और समाज। अपने परिवार के साथ बातचीत के रास्ते हमेशा खुले रखें। समझें कि तनाव और टूटन घर-घर की कहानी है। अधिकांश परिवारों में यह सहायता तंत्र बाहरी लुटेरों से बचा सकता है। यदि कोई गलती हो भी जाए, तो परिवार को सचेत करने में संकोच न करें।

आपका दूसरा हथियार समाज है, चाहे वह पड़ोस का समूह हो, कोई धार्मिक समूह हो या किसी शौक से जुड़ा समूह हो, एक ऐसा समुदाय या समाज, जहां आप लोगों से मिलते-जुलते हैं और अपने रोजमर्रा के मामले उनसे साझा करते हैं, यह एक बड़ा भावनात्मक सहारा है। यह समाज आपको सचेत रखने में मददगार साबित होता है।

जगह-जगह संपत्ति न रखें, जगह-जगह पैसे न फंसाएं। एक अच्छा तरीका यह है कि आप वहां निवेश करें, जहां से आपको नियमित आय होती रहे। दूसरा रास्ता, एक म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो में संपत्ति रखना है, जिससे निश्चित मासिक आय मिलती रहे। तीसरा तरीका है अपनी एफडी बनाए रखना और ब्याज से गुजारा करना। एक बड़ा वाणिज्यिक बैंक चुनें, सार्वजनिक हो या निजी। चौथा तरीका है, म्यूचुअल फंड भी रखें और एफडी भी। ऐसा कोई जोखिम न लें, जिसे आप नहीं समझते हों। उन उत्पादों में निवेश न करें, जो बहुत अधिक लाभ का वादा करते हों। बच्चों को यह दिखाने की इच्छा छोड़ दें कि आप अभी भी खुद फैसले लेने में सक्षम हैं।

आपको अपनी वसीयत लिखनी पड़ेगी, अपना नामांकन कराना होगा और अपने वित्त के बारे में अपने बच्चों से नियमित रूप से संवाद करना होगा। मीठी बातें करने वालों से सावधान रहें, जो केवल आपकी संपत्ति पर हाथ साफकरना चाहते हैं। आपको पैसे की चिंता में झुर्रियां और बढ़ाने की कतई जरूरत नहीं है।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# विपक्ष सोशल मीडिया से बचे, रियलिटी बूझे

अजीत द्विवेदी

विपक्षी पार्टियों की तीसरी बैठक में बहुत कुछ तय होने की संभावना है। मुंबई में दो दिन की बैठक में 'इंडिया' की पार्टियां समन्वय समिति बनाने वाली हैं, संयोजक का नाम तय करने वाली हैं, सीट बंटवारे पर चर्चा होने की संभावना है, चुनाव रणनीति बनने वाली है और लोगो व थीम सॉन्ग जारी होने की भी बता कही जा रही है। लेकिन उससे पहले तमाम विपक्षी पार्टियों को अपनी ताकत व कमजोरी का आकलन करना होगा, जमीनी हालात समझने होंगे और भाजपा की ताकत का अंदाजा लगाना होगा। सोशल मीडिया में जो नैरेटिव बन रहा है उसको आधार बना कर अगर विपक्षी पार्टियां कुछ भी तय करती हैं तो वह बहुत घातक हो सकता है। हालांकि विपक्ष की पार्टियों में ज्यादातर नेता मंजे हुए हैं और लंबे राजनीतिक अनुभव वाले हैं लेकिन मुश्किल यह है कि सोशल मीडिया इन दिनों हर व्यक्ति के अंदर किसी न किसी तरह का भ्रम पैदा कर देता है।

सोशल मीडिया में सक्रिय हर व्यक्ति टिटहरी की तरह उलटा लटका है और समझ रहा है कि आसमान उसने थाम रखा है। नेताओं के लाखों फॉलोवर हैं तो वे समझ रहे हैं कि यह उनका जनाधार है। अगर ऐसा नहीं होता तो कांग्रेस के नेता रोज ये आंकड़े नहीं पेश करते कि राहुल गांधी को सोशल मीडिया में ज्यादा पसंद किया जा रहा है और नरेंद्र मोदी को कम। इसी तरह पत्रकार और विचारक श्रेणी के लोग सोशल मीडिया में पोस्ट लिख कर क्रांति करने का भ्रम पाले हुए हैं। ऐसे पत्रकारों और बुद्धिजीवियों को सोशल मीडिया की प्रतिक्रिया देख कर लग रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की गाड़ी पटरी से उतर गई है। ऐसा भ्रम इसलिए होता है क्योंकि वे तकनीक को नहीं समझते हैं। सोशल मीडिया का अलगोरिद्म हर व्यक्ति को वही दिखाता है, जो उसको पसंद आता है। इससे सत्ता विरोधी लोग घर बैठे बदलाव की आहट सुनने लगते हैं। सो, मुंबई में जुट रही पार्टियों को इसका ध्यान रखना चाहिए कि वे किसी भ्रम का शिकार न हों और उनकी रणनीति वास्तविक स्थितियों को ध्यान में रख कर बने। वास्तविकता यह है कि पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा का वोट बढ़ा है और पिछले करीब 10 साल में शायद ही किसी राज्य में भाजपा का वोट कम हुआ है। राज्यों में वह हारी है तब भी उसका वोट बढ़ा है या पहले जितना बना रहा है। इस हकीकत को ध्यान में रख कर विपक्ष को अपनी रणनीति बनानी होगी।

भाजपा से लड़ने के लिए विपक्षी पार्टियों ने मोटे तौर पर एक गठबंधन बना लिया है। इस गठबंधन की ज्यादातर पार्टियां पहले भी साथ रही हैं और कई पार्टियां अब भी साथ मिल कर चुनाव



लड़ती हैं। सबकी विचारधारा मोटे तौर पर एक जैसी है और राज्यों में वोट आधार भी एक जैसा है। इसलिए उसमें थोड़ी बहुत ऊंच-नीच का ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है। इसके बाद विपक्ष को केमिस्ट्री, कैंपेन और नैरेटिव की जरूरत है। उसके बाद कैंडिडेट की बारी आएगी। इन चार चीजों के बाद सबसे अंत में चेहरे की जरूरत है, वह नहीं भी हो तो ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला है। विपक्ष के नेताओं को इस हकीकत को स्वीकार करना चाहिए कि उनके पास नरेंद्र मोदी से मुकाबला का कोई चेहरा नहीं है। भारत जोड़ो यात्रा के जरिए राहुल गांधी की एक विशिष्ट छवि गढ़ी गई है और उसके बाद देश-विदेश की विस्तारित यात्राओं से वे इस छवि को और मजबूत कर रहे हैं। लेकिन मोदी 13 साल मुख्यमंत्री रहे हैं और साढ़े नौ साल से प्रधानमंत्री हैं। गुजरात से ही उनकी हिंदू हृदय सम्राट की छवि है। मजबूत व निर्णायक नेता के तौर पर उनकी पहचान पिछले कुछ सालों में और मजबूत हुई है। वे राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और मजबूत नेतृत्व तीनों का प्रतीक हैं। इसलिए उनके मुकाबले कोई चेहरा पेश करने की बजाय विपक्ष अगर नैरेटिव पर ध्यान दे तो वह बेहतर होगा।

विपक्ष को मुख्य रूप से नरेंद्र मोदी के दो कार्यकाल के कामकाज पर फोकस करना चाहिए। उनके वादे लोगों को याद दिलाने चाहिए। लोगों से पूछना चाहिए कि अच्छे दिन आए या नहीं? पेट्रोल-डीजल की मार कम हुई या नहीं? महंगाई की मार कम हुई या नहीं? डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत कहां तक पहुंची? कितने लोगों को रोजगार मिला? किसानों की आय दोगुनी करने का क्या हुआ? स्मार्ट सिटी कहां हैं? भाजपा ने 2014 के चुनाव में जितने भी नारे गढ़े थे उन्हें फिर से सामने लाना होगा और लोगों को उसके बरक्स उनकी वास्तविक स्थिति दिखानी होगी। ध्यान रहे यह केंद्र की मोदी सरकार की सबसे कमजोर नस है और इसे प्रधानमंत्री भी समझ रहे हैं। तभी उनकी सरकार ने रसोई गैस सिलिंडर की कीमत दो सौ रुपए घटा कर महंगाई की दिशा मोड़ने का काम शुरू कर दिया है। अब अगले आठ-नौ महीने सरकार का काम लोगों को राहत देना होगा। नियुक्ति पत्र बांटे जा रहे हैं, ईंधन के दाम घटाए जा रहे हैं, अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर दिखाई जा रही है, जी-20 से भारत के वैश्विक नेतृत्व की पताका फहराई जा रही है और अयोध्या में राम मंदिर के भव्य उद्घाटन की तैयारी चल रही है। विपक्ष को इसके बरक्स अपना नैरेटिव गढ़ना होगा। सत्ता विरोध की लहर तैयार करने से लेकर मुफ्त की रेवड़ी बांटने और जाति का गणित बैठाने जैसे कई उपाय हैं, जिन्हें विपक्ष आजमा सकता है।

नैरेटिव के बाद सबसे जरूरी चीज केमिस्ट्री है। यानी पार्टियों के बीच ऐसा रसायन दिखना चाहिए, जिसकी प्रतिक्रिया स्वाभाविक व सकारात्मक हो। ध्यान रहे राजनीति में सबसे जरूरी चीज रसायन है। अगर वह नहीं बना तो बड़ी से बड़ी पार्टियों का गठबंधन धराशायी हो जाएगा। अभी तक भाजपा की ओर से यह प्रचार किया जा रहा है कि विपक्ष की पार्टियों में कोई केमिस्ट्री नहीं है। उनके बारे में कहा जा रहा है कि वे मोदी विरोध के नाम पर इकट्ठा हुए हैं या भ्रष्टाचार के खिलाफ हो रही कार्रवाई से बचने के लिए इकट्ठा हुए हैं या सत्ता के लालच में एकजुट हो रहे हैं। ये तीनों बातें नकारात्मक हैं और विपक्ष की संभावना को कमजोर करने वाली हैं। उन्हें बताना होगा कि वे देश और नागरिकों के हितों के लिए एकजुट हो रहे हैं। उन्हें सत्ता का लालच नहीं है और न केंद्रीय एजेंसियों का डर है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### कचड़ा उठाने स्पॉट चिन्हांकित किया जाएगा

दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने बीएसपी प्रबंधन समिति के साथ सेक्टर क्षेत्र में वातावरण प्रदुषण से संबंधित समीक्षा की। इस दौरान उन्होने कहा कि प्रबंधन कचडा डंप करने के स्थान निर्धारित कर त्वरित निदान करने तथा सड़क पर किसी प्रकार का कचड़ा न पाया जाये। जिला प्रशासन ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़क पर किसी भी प्रकार की गंदगी तथा कचडा पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होने मौसम को देखते हुये मच्छरों को हटाने के दवाई छिडकने के निर्देश दिये ताकि डेंगु तथा मलेरिया से बचाव किया जा सके। नागरिकों की समस्याओं का निदान हेतु शिकायत निवारण सिस्टम 1100 स्थापित किया जाए ताकि नागरिक उक्त सिस्टम पर डायर कर सके। प्रबंधन ने बताया कि मलेरिया, डेंगु से बचाव के लिए घर घर दवाईयां छिड़की जा रही है तथा फागिंग की जा रही है। कलेक्टर ने प्रबंधन से कहा कि सड़कों पर स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था करें। अंधेरा होने के कारण असमाजिक तत्वों को जमावड़ा बना रहता है। किसी प्रकार की दुर्घटना न हो इसके लिए स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। आयुक्त नगर निगम भिलाई रोहित व्यास ने बताया कि स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए बीएसपी को 136 स्ट्रीट लाईट की सूची दी गई जो अब तक एक भी लाईट नही लगी है। कलेक्टर ने प्रबंधन को सख्त निर्देश देते हुये कहा की स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था शीघ्र किया जाये।

### जिले के 23816 किसान बीमा दावा राशि से लाभांन्वित

दुर्ग। जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत मौसम रबी वर्ष 2022-23 में 29946 किसानों द्वारा अधिसूचित फसल चना, गेंहू सिंचित, गेहू असिंचित एवं राई-सरसों का बीमा कराया गया। योजनांतर्गत प्रावधानानुसार बीमा ईकाई (ग्राम) में फसल क्षति के आधार पर 23816 किसानों को बीमा दावा राशि 34 करोड़ 40 लाख 05 हजार 217 का भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में किया गया है। उप संचालक कृषि एलएम भगत के अनुसार खरीफ 2023 में 81626 किसानों द्वारा रकबा 100563.75 हे. में फसल बीमा कराया गया है, जबकि गतवर्ष में 81482 किसानों द्वारा रकबा 97745.73 हे. में ही बीमा कराया गया था।

### स्वरोजगार प्रशिक्षण के लिए 4 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

दुर्ग। बैंक ऑफबड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। आरसेटी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। आरसेटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म-उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। आरसेटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मदद मिलती है। संस्थान के निदेशक से प्राप्त जानकारी अनुसार संस्थान द्वारा जिला दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के ग्रामीण क्षेत्रों के युवक/युवतियों हेतु 01 सितम्बर 2023 से कम्प्यूटर हार्डवेयर नेटवर्किंग (45 दिन) का नि:शुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। इस प्रशिक्षण में कम्प्यूटर रिपेयरिंग, असेम्बिलंग एवं कम्प्यूटर नेटवर्किंग से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# राजीव युवा मितान क्लबः युवा शक्ति को रचनात्मक कार्यों से जोड़ने की देश में अब तक की सबसे बड़ी पहल

## युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक रूप देकर नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच पर बने मितान क्लब

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** शहरों और गाँवों में अपनी रचनात्मक ऊर्जा से बना रहे बेहतर माहौलशहरों और गाँवों में अपनी रचनात्मक ऊर्जा से बना रहे बेहतर माहौलरचनात्मक कार्यों के लिए 132 करोड़ रुपए की राशि दी गई 13242 युवा मितान क्लब को देश में युवा शक्ति को रचनात्मक कार्यों से जोड़ने की अब तक की सबसे बड़ी पहल छत्तीसगढ़ राज्य में की गई है। गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प को बिना युवा शक्ति के सहयोग के पूरा नहीं किया जा सकता था। प्रदेश के नव निर्माण के लिए युवा शक्ति को जोड़ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 13 हजार 242 राजीव युवा मितान क्लब बनवाये हैं।




इन मितान क्लबों से रचनात्मक कार्यों में सहभागिता के लिए प्रदेश के 3 लाख 32 हजार 242 युवक जुड़े हैं। मुख्यमंत्री की इस पहल के बाद छत्तीसगढ़ देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहाँ इतने बड़े पैमाने पर युवा रचनात्मक कार्यों में लगे हुए हैं।

युवाओं की ऊर्जा के माध्यम से प्रदेश के नव निर्माण का विचार मुख्यमंत्री के मन में आया। सोच यह थी कि राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया जाए। मितान का छत्तीसगढ़ी में अर्थ होता है मित्र। जब मित्रगण आपस में जुटें और उत्साह से कोई रचनात्मक कार्य करना शुरू करें तो अपने उत्साह से वे बड़ा कामकर जाते हैं।

इनमें न्यूनतम 20 और अधिकतम 40 सदस्य होते हैं। राजीव युवा मितान क्लब योजना की शुरूआत 03 फरवरी 2022 को हुई। युवा शक्ति को रचनात्मक कार्यों से जोड़ने का यह क्रांतिकारी कार्यक्रम है। इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पर्यावरण, खेल को आगे बढ़ाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिल रही है। इन क्लबों को साल भर में एक लाख रुपए की राशि दी जाती है और हर तिमाही में 25 हजार रुपए। इसके माध्यम से युवा अपने कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं और इसका खर्च वहन कर सकते हैं। बहुत से रचनात्मक कार्य कर सकते हैं। इससे बहुत उत्साह का माहौल बना है। अब तक 132 करोड़ रुपए इन युवा क्लबों को दिये गये हैं। इनके माध्यम से बड़े बदलाव हो रहे हैं। एक छोटी सी बानगी राजनांदगांव की लें, यहाँ एक गाँव है चारभांठा, यहाँ राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने सूचना की खिड़की बनाई। सूचना की खिड़की के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाता है। इसके सदस्य गोविंद साहू ने बताया कि जैसे गाँव में कोई गंभीर रूप से बीमार पड़ा तो हम बताते हैं कि घबराने की जरूरत नहीं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से 25 लाख रुपए तक का इलाज भी हो जाता है। हम लोग पेयजल स्रोतों में साफसफाई के लिए लोगों को जागरूक करते हैं।

तालाब की सफाई करते हैं। राजनांदगांव के ही अंजोरा गाँव का उदाहरण लें, गाँव के घर-घर तक क्लब के सदस्य पहुँचे और सभी को कोविड का टीका लगवाया। रायगढ़ जिले के ग्राम छींच का उदाहरण लें। यहाँ पर क्लब के सदस्यों ने व्यापक पौधरोपण का अभियान चलाया। क्लब के सदस्य ये देखते थे कि स्कूलों में बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति है या नहीं, यदि बच्चे नहीं आ रहे तो क्यों, इस प्रकार अच्छी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। शहरों में युवा क्लब सांस्कृतिक गतिविधि में खूब हिस्सा ले रहे हैं। भिलाई में डिबेटिंग क्लब बने हैं जहाँ सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं होती हैं। यहाँ पर बीते पौने पाँच सालों में काफी खेल परिसर बने हैं। इनमें आये दिन खेल गतिविधियों का आयोजन होता है और अधिकांश खेल गतिविधि राजीव युवा मितान क्लबों द्वारा की जाती है।

# वाल्व में आई खराबी बनाने में जुटा फिल्टर प्लांट का अमला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई निगम के क्षेत्र के कई क्षेत्रों में आज भी पेयजल सप्लाई प्रभावित रहेगी, 66 एम.एल.डी फिल्टर प्लांट से पानी टंकी में जाने वाले पाईप के वाल्व में खराबी आ गई जिसे सुधारने के लिए भिलाई निगम के फिल्टर प्लांट के तकनीशियन पूरे अमले के साथ दो दिनों से लगातार संधारण कार्य में जुटे हुए है। चूंकि खराब हुआ वाल्व गहराई में लगा हुआ है, खराब हुए वाल्व को काटकर बदलने का काम देर रात तक जारी रहा इंजीनियरों के मुताबिक शनिवार प्रथम पहर तक वाल्व बदलने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा इसके बाद सभी पानी टंकियों में पानी भरकर प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई की जाएगी। जल कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि फिल्टर प्लांट के 66 एम.एल.डी.के 800 एमएम डाया के खराब वाल्व को बदलने के



लिए कार्य लगातार जारी है, गडढा खोदकर डी वाटरिंग कर पाईप काटकर वाल्व को बदला जाएगा। दो दिन से पांच पानी टंकी मे जल भराव का कार्य नही हो सका है जिसके कारण नेहरूनगर, स्मृति नगर, खम्हरिया, स्लाटर हाउस एवं फरीदनगर क्षेत्र मे शनिवार को भी पेयजल सप्लाई नही हो पाईगी। जिन क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई प्रभावित रही उन सभी क्षेत्रों में नेहरू नगर जोन 01 से जलकार्य विभाग द्वारा उन क्षेत्रों में पावर पंप तथा पानी टैंकर भेजकर पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है।

# डस्टबीन वितरण करने विपक्षी पार्षद ने दिखाई एकजुटता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** सूखा और गीला कचरा को अलग-अलग रखने नगर पालिक निगम रिसाली अभियान चला रही है। शहर सरकार प्रत्येक वार्ड तक पहुंचकर रिसाली को सुंदर बनाने नागरिकों से अपील कर, हरा-नीला डस्टबीन बांट रही है। शुक्रवार को वार्ड 17 स्टेशन मरोदा में विपक्षी पार्षद ने महापौर परिषद के सदस्यों के साथ मिलकर शहर को साफसुथरा रखने की अपील करते डस्टबीन वितरण किया।



रिसाली निगम के वार्ड 16 बीआरपी कालोनी, वार्ड 17 शिव पारा स्टेशन मरोदा, और वार्ड 18 एच.एस.सी.एल. कालोनी स्टेशन मरोदा में निगम अमला ने डस्टबीन वितरण किया। महापौर शशि सिन्हा के नेतृत्व में परिषद के सदस्यों के साथ वार्ड पार्षद गजेन्द्री कोठारी ने वार्ड में डस्टबीन वितरण करने घर-घर पहुंची। उन्होंने परिषद के सदस्यों के साथ लोगों को जानकारी दी कि घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग रखे। शुक्रवार को डस्टबीन वितरण के दौरान स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविन्द चतुर्वेदी, सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी चन्द्रभान ठाकुर, लोकनिर्माण विभाग प्रभारी अनुप डे, राजस्व विभाग प्रभारी चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, उद्यानकी विभाग प्रभारी परमेश्वर कुमार, विद्युत विभाग प्रभारी सोनिया देवांगन, पार्षद व एल्डरमेन आदि उपस्थित थे।

स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविन्द चतुर्वेदी ने बताया कि नेवई संपूर्ण क्षेत्र के अलावा पुरैना व डुंडेरा के आधा दर्जन वार्डों में हरा व नीला बाल्टी का वितरण किया जा चुका है। इसके अलावा शहर सरकार शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रही है। योजना से संबंधित जानकारी घरों तक पहुंचाया जा रहा है। शहर को साफ सुथरा रखने अपील की जा रही है।

रिसाली निगम गठन के बाद पहली बार शहर सरकार गीला व सूखा कचरा को पृथक-पृथक से रखने डस्टबीन का वितरण कर रही है। शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जानकारी देने पाम्पलेट का वितरण किया जा रहा है। डस्टबीन 40 वार्ड में बारी-बारी से वितरण किया जाएगा। कचरा अलग होने से रिसाईकलिंग करने में सुविधा होती है। केन्द्र सरकार इस कार्य का सर्वेक्षण कराती है। पुरस्कार का भी प्रावधान है। हमारा रिसाली पहले पायदान पर रहे यही सम्यक प्रयास है।

**शशि सिन्हा, महापौर**

# भिलाई इस्पात संयंत्र ने अगस्त माह में बनाये अनेक कीर्तिमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी के विभिन्न विभागों ने बेहतरीन तालमेल और समन्वय का प्रदर्षन करते हुए अगस्त 2023 माह में उत्पादन के अनेक कीर्तिमान स्थापित किए है। संयंत्र के लगभग सभी विभागों ने अपने-अपने क्षेत्र में उत्पादन में उत्कृष्टता प्रदर्षित करते हुए सर्वश्रेष्ठ अगस्त, दैनिक उत्पादन कीर्तिमान और निर्गमन के क्षेत्र में भी उपलब्धि हासिल की है। भिलाई इस्पात संयंत्र के बार रॉड मिल की ऊर्जावान टीम ने पुराने कीर्तिमान को पीछे छोड़ते हुए 30 अगस्त 2023 को 16 एमएम टीएमटी बार्स में 3757 टन (1815 बिलेट्स) का उत्पादन कर पुनः नया दैनिक कीर्तिमान



स्थापित किया। किसी भी प्रोफाइल में यह सर्वश्रेष्ठ दैनिक कीर्तिमान है। इसी कड़ी में संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने 30 अगस्त 2023 को 826 ईक्यू की पुषिंग करते हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ पुशिंग रिकॉर्ड बनाया। कोकओवन का पिछला सर्वश्रेष्ठ ओवन पुषिंग का रिकॉर्ड 30 अप्रैल 2023 को 825 ईक्यू का था। कोकओवन ने अगस्त 2023 में पहली बार 25,000 के लगभग ओवन पुशिंग का आंकड़ा पार किया है। मई 2023 में 24986 पुषिंग का पिछला सर्वश्रेष्ठ कीर्तिमान दर्ज किया था। अगस्त माह में संयंत्र के कोकओवन की औसत पुषिंग 813 दर्ज की गई है।

विभाग की इस सफलता पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने बीआरएम के शॉप फ्लोर पर पहुँच कर कार्मिकों को बधाई प्रेषित की एवं उपस्थित जन समुदाय को संकल्पित करते हुए कहा कि बीआरएम बिरादरी अपने सामूहिक प्रयास से वार्षिक लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगी तथा भविष्य में आने वाली नयी चुनौतियों के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। इसके साथ ही कार्यपालक निदेषकअंजनी कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने कोक ओवन सहित अन्य सभी विभागों टी एंड डी, आरएमडी, सर्विसेज, ब्लास्ट फर्नेस, सिंटर प्लांट, ऊर्जा प्रबंधन विभाग, पीपीसी, केंद्रीय यांत्रिक संगठनों, एमआरडी, शॉप और अन्य विभागों को भी बेहतर समन्वय और उत्पादन के लिए बधाई दी है। मुख्य महाप्रबंधक मुकेश गुप्ता ने सभी कार्मिकों को बधाई देते कहा कि यह आप सभी के समर्पण एवं दृढ़ संकल्प से ही यह उपलब्धि संभव हो पाई हैं।

# इसलिए चाहिए वन नेशन-वन इलेक्शन

श्रीकंचनपथ




देश में एक बार फिर वन नेशन-वन इलेक्शन की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। इसमें कोई बुराई भी नहीं है अगर इसकी मंशा सही हो। कहा जा रहा है कि बार-बार चुनाव होने से न केवल विकास कार्य बाधित होते हैं बल्कि सरकार का खर्च भी बढ़ता है। देश के अधिकांश इलाकों के लिए यह सबसे बड़ा झूठ है। अधिकांश क्षेत्रों में विकास कार्य होते ही तब हैं जब वहां चुनाव करीब हों। देश में संविधान के लागू होने के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते रहे हैं। पर इसके बाद समय-समय पर सरकारों के भंग होने के कारण चुनाव आगे पीछे हो गए। कम से कम इस बात का ठीकरा तो नेहरू-गांधी पर कतई नहीं फोड़ा जा सकता। पांच-पांच साल में एक ही बार में विधानसभा और लोकसभा चुनाव कराने की पहली शर्त यह है कि कोई पार्टी किसी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाएगी, कोई भी सरकार गिराई नहीं जाएगी। कोई जोड़-तोड़ की राजनीति नहीं होगी। और किसी को हो न हो, भाजपा को ये बात बिल्कुल नहीं भाएगी। फिर ऐसी क्या बात हो गई कि वन नेशन-वन इलेक्शन का राग छेड़ दिया गया। दरअसल, कर्नाटक चुनाव के नतीजों के बाद से केन्द्र सरकार का आत्मविश्वास हिला हुआ है। छत्तीसगढ़ में तो उसने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। यूपी-बिहार समेत पांच राज्यों के 75 विधायकों को छत्तीसगढ़ भेज रखा है। विधानसभा चुनाव की अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है और भाजपा ने अपने प्रत्याशी तक घोषित कर दिये हैं ताकि प्रचार के लिए पर्याप्त वक्त मिले। पर अब ग्राउण्ड रिपोर्ट उसे डरा रहा है। वहीं, राज्यों में उसकी डबल इंजन सरकारें ज्यादा कुछ नहीं कर पा रही हैं। मध्यप्रदेश की ही बात करें तो वहां घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं का 4015 करोड़ रुपए का बिल बकाया हो गया है जिसकी वसूली स्थगित कर दी गई है। वजह साफ है, साल के अंत में विधानसभा के चुनाव होने हैं। केवल मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि साल के अंत में राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के भी चुनाव होने हैं. देश में भाजपा की कुल साख प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वजह से है। लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाने से मोदी की छवि का लाभ दोनों चुनावों में मिल सकता है। इस एक संभावना को टटोलने के लिए भाजपा देश का संविधान बदल देना चाहती है. रही बात चुनाव खर्च की तो यह पैसा देश के भीतर ही खर्च होता ह। अलग-अलग तिथियों में अलग-अलग राज्यों में चुनाव होते हैं। आचार संहिता भी केवल उन्हीं राज्यों में लागू होती है जहां चुनाव हो रहे हैं। वहां जारी योजनाओं पर इसका कोई असर नहीं होता। अभी तो विधानसभा के चुनाव तक को कई चरणों में कराना पड़ता है। वन नेशन-वन इलेक्शन से तो पूरा देश ही कुछ महीनों के लिए ठहर जाएगा।



ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...


राष्ट्रपति के रूप में छत्तीसगढ़ की मेरी पहली यात्रा की सुखद स्मृतियाँ मेरे मानस पटल पर सदैव अंकित रहेंगी। राजभवन में मिले आतिथ्य से मेरा यह प्रवास मेरे लिए और भी अधिक स्मरणीय हो गया है। इसके लिए, मैं राज्यपाल श्री हरिचन्दन जी को धन्यवाद देती हूँ तथा राजभवन की टीम के सदस्यों की सराहना करती हूँ। मैं छत्तीसगढ़ की जनता के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त करती हूँ।

द्रौपदी
(द्रौपदी मुर्मु)
भारत की राष्ट्रपति
01.09.2023

### राष्ट्रपति मुर्मु ने छत्तीसगढ़ के प्रवास को सुखद बताया

राजभवन की विजिटर बुक में व्यक्त की अपनी भावनाएं

**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास को सुखद बताया, राजभवन में मिले आतिथ्य को अत्यन्त सराहा और छत्तीसगढ़ की जनता को शुभकामनाएं दीं। श्रीमती मुर्मु ने राजभवन से प्रस्थान के पूर्व यहां के विजिटर बुक में अपनी भावनाओं को शब्द दिए। विजिटर बुक में उनके द्वारा लिखित पाठ इस प्रकार है-

''छत्तीसगढ़ की मेरी पहली यात्रा की सुखद स्मृतियां मेरे मानस पटल पर सदैव अंकित रहेंगी। राजभवन में मिले आतिथ्य से मेरा यह प्रवास मेरे लिए और भी अधिक स्मरणीय हो गया है। इसके लिए मैं राज्यपाल हरिचंदन को धन्यवाद देती हूं तथा राजभवन की टीम के सदस्यों की सराहना करती हूं। मैं छत्तीसगढ़ की जनता के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करती हूं।

### 20 हजार 765 बीमा पालिसी धारक कृषकों को 34 करोड़ 40 लाख 5 हजार 218 रुपये राशि का हुआ अंतरण

**रायपुर।** अपर संचालक कृषि ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मौसम रबी वर्ष 2022-23 अंतर्गत दुर्ग जिले के क्रियान्वयक बीमा कंपनी द्वारा मौसम रबी वर्ष 2022-23 अंतर्गत कुल 29,628 बीमा पालिसी में से 20,765 बीमा पालिसी धारक कृषकों को 34 करोड़ 40 लाख 5 हजार 218 रुपये दावा भुगतान राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल डिजिक्लैम माड्यूल के माध्यम से कृषकों के खाते में राशि अंतरित की गई है।

जिसमें से सफल दावा भुगतान 12 हजार 465 बीमा पालिसी धारक को 20 करोड़ 21 लाख 13 हजार 399 रुपये तथा 8 हजार 290 बीमा पालिसी धारकों को 14 करोड़ 17 लाख 53 हजार 783 रुपये भुगतान की कार्यवाही कृषकों के खाते में अंतरित किये जाने हेतु पुनः कार्यवाही की गई है। इस तरह शेष 10 बीमा पॉलिसी धारक कृषकों को 01 लाख 38 हजार 35 रूपये की दावा भुगतान राशि असफल हुई है। प्रावधान अनुसार क्रियान्वयक बीमा कंपनी द्वारा कृषकों के असफल दावा भुगतान पर दावा राशि अंतरित किये जाने के लिये कार्यवाही की जा रही है।

### पानी को कितना भी पिलोएं मक्खन नहीं निकलेगा: साध्वी

**रायपुर (ए)।** एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी प्रांगण में चल रहे मनोहरमय चातुर्मास 2023 की प्रवचन श्रृंखला के दौरान गुरूवार को नवकार जपेश्वरी साध्वी शुभंकरा श्रीजी ने कहा कि पानी को कितना पिलोए मक्खन नहीं निकलेगा। वैसे ही कोई व्यक्ति किसी भाव को कितना भी पिलोए, सांसरिक सुख उसे नहीं मिल सकता। अब सवाल यह है कि सुख मिलेगा कहां, तो जान लीजिए कि सुख और आनंद आपके अंदर ही है। इन बातों को सार बताते हुए साध्वीजी ने कहा कि एक बार एक व्यक्ति क्रोध में आकर दूसरे व्यक्ति को बुरा-भला कह देता है। इस पर दूसरे व्यक्ति ने सोचा कि वह किसी और को यह कह रहा है और वह अपनी मस्ती में मगन था। वहीं पहले व्यक्ति के शब्दों से तीसरा व्यक्ति दुखी हो गया। उस बात को वह हमेशा सोचता रहता था और उसके मन में नकारात्मक भाव पैदा होने लगे। वहीं दूसरा व्यक्ति अब भी अपनी मस्ती में मगन था और यह बात वह भूल भी गया था। इससे हमें यह संदेश मिलता है कि सुख और दुख मान्यताओं के आधार से मिलता है। ठीक वैसे ही हम भगवान की वाणी को नहीं समझते या फिर समझने की कोशिश नहीं करते। हम ऐसा ही सोचते है कि वे दूसरे को बोल रहे है और ऐसा सोच कर हम अपने आप को ही ठगते है।

# चंद्रयान मिशन की तरह ही जीवन को भी देखें, कठिनाई का डटकर मुकाबला करें, सफलता कदम चूमेगीः राष्ट्रपति

## उपाधि पाने वालों में 60 फीसदी छात्राएं, राष्ट्रपति ने कहा महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह बड़ी उपलब्धि

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह में पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 2946 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने तथा विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने चंद्रयान मिशन के माध्यम से जीवन की सफलताओं के सूत्र बताए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के चंद्रयान ने चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग की। इस पर बरसों से निष्ठापूर्वक काम होता रहा। मार्ग में रूकावटें आती रहीं लेकिन हम नहीं रूके। ऐसा व्यक्तिगत जीवन में भी होता है। निरंतर दक्षता के साथ परिश्रम करते रहें तात्कालिक सफलता से कभी हताश न हो, चुनौतियां हमारे जीवन में आती हैं तो नये मौके भी लाती हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने इस अवसर पर 2946 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की। समारोह में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

जय जोहार के साथ अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए राष्ट्रपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमारा तिरंगा चांद पर पहुंच चुका है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि का विषय है। इस उपलब्धि को किस तरह वैज्ञानिकों ने प्राप्त किया। इस संबंध में विश्वविद्यालय में आयोजन होने चाहिए ताकि समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण यानी साइंटिफिक टेंपर का निर्माण हो सके। यह संविधान के मूल कर्तव्यों में शामिल है। मुझे खुशी है कि इस विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रयोगशालाएं हैं। यहां ऐक्सलरेटर आधारित रिसर्च सेंटर भी स्थापित की गई है। अपने अनुसंधान से यह विश्वविद्यालय दुनिया में अपनी पहचान बनाएं। जो देश विज्ञान और प्रौद्योगिकी को अपनाने में आगे रहेंगे, वे ज्यादा तरक्की करेंगे। हमारे स्पेस मिशन में हमें दुनिया से कुछ असहयोग का सामना भी करना पड़ा, फिर भी हम दृढ़ता से बढ़ते रहे।

राष्ट्रपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय का महत्व इसलिए भी है क्योंकि इसका नाम गुरु घासीदास के नाम पर है। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। गुरु घासीदास ने समानता का संदेश दिया। समानता के आदर्शों पर चलकर ही युवा सुख के रास्ते पर चल सकते हैं और सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर राष्ट्रपति ने स्वामी विवेकानंद को भी याद किया। उन्होंने कहा कि रायपुर का हवाई अड्डा स्वामी विवेकानंद के नाम पर है। वे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ खेलकूद को भी महत्व देते थे। स्वामी जी आत्मविश्वास की मूर्ति थे। स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता का विश्वघोष किया था। उस समय भारत में गुलामी की मानसिकता अपने चरम पर थी। एशिया के लोग हीनता की भावना से ग्रस्त थे। ऐसे वातावरण में विवेकानंद ने भारत का नाम बढ़ाया। युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेनी चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे खुशी है कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 76 विद्यार्थियों में 45 छात्राएं हैं जो कुल संख्या का लगभग 60 प्रतिशत है। विश्वविद्यालय में 47 प्रतिशत छात्राएं पढ़ रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह बड़ा कदम है। देश की आधी आबादी महिलाओं की है। इन्हें सशक्त करने से देश और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के आसपास के क्षेत्र में आदिवासी समुदाय काफी है। राज्य की एक तिहाई आबादी जनजातीय है। जनजातीय समुदाय के प्रति संवेदनशीलता और महिलाओं की भागीदारी जैसे विषय बहुत महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में अच्छा कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने उपाधि समारोह के मौके पर उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए उनके अभिभावकों तथा विश्वविद्यालय के टीचिंग स्टाफके योगदान को भी रेखांकित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल ने विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय की विविध उपलब्धियों का ब्योरा समारोह में रखा।

समारोह में विशेष अतिथि के रूप में केंद्रीय जनजाति विकास राज्यमंत्री रेणुका सिंह मौजूद रहीं। साथ ही उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, नगर निगम बिलासपुर के महापौर रामशरण यादव, बिलासपुर सांसद अरुण साव, दुर्ग सांसद विजय बघेल, बिलासपुर विधायक शैलेश पाण्डेय, तखतपुर विधायक रश्मि आशीष सिंह, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक रजनीश सिंह, राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष नन्द कुमार साय, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

### शिक्षा हमें संस्कारित और अनुशासित बनाती हैः राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन

इस मौके पर अपने संबोधन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह एक गरिमामय समारोह है जो आपकी कड़ी मेहनत को मान्यता देता है और साथ ही आपके लिए एक जिम्मेदारी भी लेकर आता है। आपको जीवन के विभिन्न पहलुओं का पता लगाने के साथ-साथ नई चीजें सीखने के कई अवसर मिलेंगे। इस चरण के दौरान आप मूल्यों को आत्मसात करेंगे और क्षमताओं का विकास करेंगे। शिक्षा हमें संस्कारित तो बनाती ही है, अनुशासित भी बनाती है। यह हमें समाज में पद, धन और प्रतिष्ठा दिलाने में भी मदद करती है। जब आप इन चीजों को हासिल करते हैं, तो इसके साथ ही यह एक इंसान के रूप में विकसित होने में भी मदद करती है। इस मौके पर राज्यपाल ने स्वतंत्रता संग्राम की विभूतियों के ऐतिहासिक योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध कठिन संघर्ष कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने हमें आजादी दिलाई है। हमें कठोर परिश्रम कर अपना जीवन हाशिये पर पड़े लोगों के कल्याण के लिए काम करना है। यही सच्ची सेवा है।

### कठोर परिश्रम के बल पर स्वयं को स्वर्ण पदकों हेतु योग्य सिद्ध किया हैः मुख्यमंत्री बघेल

इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आप सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने अपने कठोर परिश्रम मेधा और अनुशासन के बल पर स्वयं को उपाधियों एवं स्वर्ण पदकों हेतु योग्य सिद्ध किया है। यह विश्वविद्यालय हमेशा ज्ञान का प्रकाश रहा है। हमारा प्रदेश हमेशा समृद्ध रहा है। यहां पुरखों के आशीर्वाद से उत्कृष्ट मानवीय मूल्यों पर हमारा प्रदेश आगे बढ़ रहा है। हमारे यहां प्रचुर संसाधन हैं, समृद्ध जैव विविधता है, सघन वन हैं, सुंदर प्रकृति है, सुंदर जनजीवन है, उत्कृष्ट मानवीय मूल्य हैं। हम युवाओं को लगातार आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। हमने 42 हजार पदों पर भर्ती की। रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के जरिए हमने रोजगार, स्व-रोजगार और उद्यम दिए हैं। हम बेरोजगारी भत्ता भी प्रदान कर रहे हैं, ताकि युवाओं को आर्थिक मजबूती मिल सके और वे अच्छे भविष्य की तैयारी कर सके। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर गुरु घासीदास का भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर उन्होंने समतामूलक समाज के लिए कार्य किया।



## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने 'शक्ति' पुस्तिका का किया विमोचन




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा तैयार पुस्तिका शक्ति - कम्प्रेहेन्सीव स्वीप प्लान टू इम्प्रूव फीमेल वोटर टर्न आउट का विमोचन किया। यह पुस्तिका राज्य के सभी जिलों में महिला मतदाताओं की लोकतंत्र में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करने आयोजित की जा रही स्वीप गतिविधियों जो विशेष रूप से नवविवाहिता वधू के सम्मान समारोह पर केन्द्रित है, को समावेशित करते हुए प्रकाशित की गई है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश क्षीरसागर और सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शारदा अग्रवाल भी पुस्तिका के विमोचन के दौरान उपस्थित थीं।


इस पुस्तिका में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत मतदान से अक्सर वंचित रह जाने वाली नवविवाहिताओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वाने या मायके से ससुराल स्थित मतदान केंद्र में नाम स्थानांतरित किए जाने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक जिले में आयोजित नवविवाहिता वधू सम्मान समारोह का विशेष उल्लेख है। इसमें विगत निर्वाचन के बाद राज्य की निर्वाचक नामावली में लिंगानुपात बढ़ाने आयोजित स्वीप गतिविधियों की भी जानकारी है। भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ की स्वीप गतिविधि नवविवाहिता वधू सम्मान समारोह की काफी प्रशंसा की है।

## दूसरे राज्य से छत्तीसगढ़ आने वाले वाहनों को नवीन पंजीयन चिन्ह प्राप्त करना अनिवार्य

### वाहन पोर्टल द्वारा भौतिक सत्यापन कराकर 20 सितंबर तक प्राप्त करें नवीन पंजीयन चिन्ह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देशभर से यहां राज्य में आने वाले वाहनों के पता परिवर्तन की सूचना दर्ज करते समय छत्तीसगढ़ के लिए नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह प्राप्त करने संबंधी प्रक्रिया को वाहन पोर्टल में अनिवार्य किया गया है। अन्य राज्य से एनओसी लेकर आये ऐसे वाहनों, जिसका पूर्व में छत्तीसगढ़ के किसी भी परिवहन कार्यालय में पता परिवर्तन की सूचना दर्ज करा लिये है किन्तु छत्तीसगढ़ राज्य का नवीन पंजीयन चिन्ह प्राप्त नहीं किये है। ऐसे समस्त वाहन स्वामी छत्तीसगढ़ राज्य हेतु नवीन पंजीयन चिन्ह प्राप्त करने के लिए वाहन पोर्टल के माध्यम से विहित शुल्क का ऑनलाईन



भुगतान कर आवश्यक दस्तावेज सहित वाहन का भौतिक सत्यापन कराते हुये 20 सितम्बर 2023 तक संबंधित परिवहन कार्यालय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि प्रस्तुत आवेदन पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किया जा सके। अन्यथा ऐसे वाहनों पर मोटरयान अधिनियम एवं नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

एनआईसी द्वारा विकसित वाहन पोर्टल के माध्यम से राज्य में वाहन संबंधी समस्त कार्य संपादित किये जा रहे है। जिसके तहत अन्य राज्य के वाहनों को पता परिवर्तन की सूचना दर्ज करने के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य का नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह जारी हो रहे हैं। किन्तु राज्य में वाहन पोर्टल लागू होने के पहले अन्य राज्य से आने वाली वाहनों का केवल पता परिवर्तन की सूचना दर्ज है, जिसमें से विभिन्न वाहनों का छत्तीसगढ राज्य के लिए नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह प्राप्त नहीं हुआ है।

परिवहन मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्य राज्य के ऐसे वाहन जिनका पता परिवर्तन की सूचना पूर्व में छत्तीसगढ़ के किसी परिवहन कार्यालय द्वारा दर्ज कर लिया गया है किन्तु छत्तीसगढ़ राज्य का नवीन पंजीयन चिन्ह समनुदेशित नहीं किया गया है, ऐसे वाहनों का केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 के नियम 54 तथा छत्तीसगढ़ मोटर यान नियम, 1994 के नियम 55 अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के लिए नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह समनुदेशित करने की कार्यवाही किया जाना है।

## छत्रपति शिवाजी स्कूल में शुरू हुआ 'एक रोटी गाय के लिए' अभियान

**रायपुर (ए)।** छत्रपति त्रपति शिवाजी स्कूल में गुरुवार को एक रोटी गाय के लिए अभियान की शुरूआत की गई है। स्कूल के पुरानी बस्ती और प्रोफेसर कॉलोनी दोनों ब्रांच के छात्रों ने पहले दिन से ही अपने टिफिन में गाय के लिए रोटी लाने शुरू कर दिए हैं। इस अभियान की शुरुआत गौसेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास ने की। उन्होंने कहा कि इस उम्र में बच्चों को गाय के लिए रोटी लाने का प्रयास विद्यार्थियों को प्रेरित करने वाला है। इससे बच्चों के मन में अभी से जीवसेवा का भाव जागृत होगा। गाय को समस्त संसार की माता कहा गया है। हमारे देश की सनातन परंपरा ऋषि और कृषि की रही है और दोनों ही कार्य बिना गौ उत्पाद के संभव नहीं है। विशेष अतिथि पदम डाकलिया ने कहा कि वे अब हमेशा गाय को रोटी खिलाने के भाव को जागृत रखेंगे और जब भी डिब्बे में रोटी डालें तो यह न समझे कि यह स्टील का एक डिब्बा है बल्कि गाय का मुख समझकर रोटी अर्पित करें। स्कूल में प्रवेश करते ही सबसे पहले इसके लिए बनाए गए विशेष प्रकार के गोल डिब्बे में रोटी डालेंगे फिर प्रार्थना सभा में शामिल होंगे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# वजन की चिंता किए बिना मिठाइयों का आनंद लेना चाहते हैं? तो अपनाएं ये 5 तरीके

त्योहारी सीजन शुरू हो चुका है और कजरी तीज, हरतालिका तीज, कृष्ण जन्माष्टमी, गणेशोत्सव और अनंत चतुर्दशी जैसे कई त्योहार सितंबर में आने वाले हैं। ऐसे में घर में तरह-तरह की मिठाइयां होना तो लाजमी है, लेकिन क्या आप उनका सेवन वजन बढ़ने के डर से नहीं कर पाते हैं? चलिए फिर आज हम आपको 5 प्रभावी तरीके बताते हैं, जिन्हें आजमाकर आप वजन की चिंता किए बिना मिठाइयों का आनंद ले सकते हैं।

### मात्रा को कम करें

जब भी आपको काजू कतली और गुलाब जामुन जैसी मिठाइयां खाने का मन करें तो उनके हिस्से को कम करें। उदाहरण के लिए मिठाई को बहुत बार खाने की बजाय उसका केवल एक टुकड़ा खाएं। इस तरह आप संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखते हुए मिठाई का आनंद ले सकते हैं। ऐसे मिठाई के हिस्से को नियंत्रित करके आप ज्यादा कैलोरी लेने से बच सकते हैं। यह अपनी फिटनेस और स्वास्थ्य लक्ष्यों के प्रति सचेत रहने का एक स्मार्ट तरीका है।

### कम कैलोरी वाली मिठाइयां चुनें

बहुत अधिक चीनी और वसा वाले खाद्य पदार्थों से बचें और ऐसे विकल्प चुनें, जिनमें कम कैलोरी हो। वैसे फल वाली मिठाइयां पोषण और स्वाद को एक साथ जोड़ती हैं। उदाहरण के लिए ताजे फलों की चाट बनाकर खाएं। यह आवश्यक पोषक तत्वों के साथ-साथ एक प्राकृतिक मिठास प्रदान करती है, जो शरीर के लिए लाभदायक है। आप चाहें तो पारंपरिक मिठाइयों के कम चीनी या चीनी मुक्त संस्करणों को भी चुन सकते हैं।



### भूख लगने पर मिठाइयों की जगह खाएं स्वास्थ्यवर्धक स्नैक्स

अगर आपको दोपहर के खाने से पहले ही भूख लग जाए तो आप मिठाइयों की ओर बढ़ने की जगह स्वास्थ्यवर्धक स्नैक्स को खा सकते हैं। आप पोहे के साथ चकली या नमकीन खा सकते हैं या फिर सूखे मेवे भी खा सकते हैं। इससे आपके शरीर को विटामिन- डी और कैल्शियम जैसे आवश्यक पोषक तत्व मिलेगें और वजन नियंत्रित रखना भी आसान हो सकता है। यहां जानिए हल्की-फुल्की भूख को शांत करने वाले स्नैक्स।

### खुद को रखें अच्छी तरह से हाइड्रेट

त्योहारों के दौरान घर में कई तरह की मिठाइयां होती हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचाने वाली वसा में इजाफा करती हैं। इससे आपको बढ़ते वजन का शिकार होना पड़ सकता है। इसका कारण है कि अधिकांश समय आपका शरीर केवल मिठाइयों के सेवन के लिए उकसाता है, इसलिए उस दौरान मिठाइयों की बजाय पानी पीएं। पानी आपका पेट भरेगा और आपकी भूख लगने की इच्छा को भी नियंत्रित करेगा।

### नियमित रूप से करें वर्कआउट


त्योहारों के दौरान खुद के लिए समय निकालना एक कठिन काम हो सकता है, लेकिन इस दौरान खुद को फिट रखने और वजन बढ़ने की समस्या से बचने के लिए आपको नियमित रूप से एक्सरसाइज करना सुनिश्चित करना होगा। अगर आप जिम जाने में असमर्थ हैं तो आप अपने घर पर कसरत कर सकते हैं और अतिरिक्त कैलोरी को बर्न कर सकते हैं। नियमित वर्कआउट आपको फिट रखने के साथ कई बीमारियों से भी बचाता है।

# नोट करले इन पांच फलों के नाम, इन्हें खाने के बाद गलती से भी ना पिएं पानी

## ऐसा किया तो होगी बड़ी परेशानी

फल सेहत का खजाना होता है। विटामिन्स, मिनरल्स, फाइबर, कैल्शियम और आयरन जैसे पोषक तत्वों से भरपूर फल खाने के अनगिनत फायदे होते हैं। हालांकि, फल खाने के भी नियम और सावधानियां होती है। कुछ चीजों के साथ फलों का सेवन नुकसानदायक हो सकता है। बहुत से लोग खाने के साथ दिन-दोपहर या रात में किसी भी चीज के साथ फल खा लेते हैं, जो बिल्कुल भी सही नहीं है। फल खाने के बाद पानी पीना भी खतरनाक हो सकता है। ये सेहत के लिए भारी पड़ सकता है। आइए जानते हैं 5 ऐसे फलों के बारें में जिन्हें खाने के बाद अगर पानी पीते हैं तो पेट से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं।

**केला:**- ऊर्जा का तगड़ा सोर्स केला पोटैशियम से भरपूर होता है। कब्ज और पेट की समस्या से राहत पाने में केला फायदेमंद माना जाता है लेकिन अगर केला खाने के बाद पानी पीते हैं तो पाचन तंत्र बिगड़ सकता है।



**अमरूद:**- फाइबर, विटामिन ए और विटामिन सी के साथ फोलिक एसिड, पोटैशियम और कॉपर से भरपूर अमरूद खाने से पाचन से जुड़ी समस्याएं दूर हो जाती हैं। लेकिन अगर अमरूद खाने के बाद पानी पीना खतरनाक हो सकता है। इससे डाइजेशन खराब हो सकता है।

**अनार:**- अनार के लाल दाने शरीर में खून बढ़ाने और इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के काम आते हैं। इसे खाने के बाद गलती से भी पानी नहीं पीना चाहिए। अगर आप अनार खाने के बाद पानी पी लेते हैं तो मतली, एसिडिटी और उल्टी की समस्या हो सकती है।

**खट्टे फल:**- खट्टे फल जैसे- संतरा, आंवला, अंगूर और मौसंबी खाने के बाद भी पानी नहीं पीना चाहिए। ऐसा करने से शरीर का पीएच लेवल गड़बड़ा सकता है। इससे पाचन तंत्र डिस्टर्ब हो सकता है।

**तरबूज:**- शरीर में पानी की कमी को पूरा करने में तरबूत काफी फायदेमंद होता है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, तरबूज खुद पानी वाला फल है लेकिन इसे खाने के बाद अगर पानी पीते हैं तो पाचन तंत्र बिगड़ सकता है। इससे लूज मोशन की समस्या भी हो सकती है।

# धीरज धूपर ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार वेब सीरीज टटलूबाज में आएंगे नजर

छोटे पर्दे के जाने-माने अभिनेता धीरज धूपर ओटीटी की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है।वह जल्द वेब सीरीज टटलूबाज में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी। इसमें उनकी जोड़ी नरगिस फाखरी के साथ बनी है। दिलचस्प बात यह है कि टटलूबाज से नरगिस भी ओटीटी डेब्यू करने वाली हैं। विभु कश्यप द्वारा निर्देशित यह वेब सीरीज एपिक ऑन पर स्ट्रीम होगी। रात 9 बजे फिल्म्स अपने बैनर तले सीरीज का निर्माण करेगी।

धीरज ने टटलूबाज में अपने किरदार को लेकर खुलासा किया। उन्होंने कहा, मैं वेब सीरीज में मुख्य किरदार निभा रहा हूं और यह बहुत अलग है। एक अभिनेता के तौर पर मुझे चुनौतियां लेना पसंद है और टटलूबाज मेरे लिए वह चुनौती है। जैसे ही मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी मैंने आगे बढ़ने का फैसला कर लिया। पूरी टीम के साथ काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा है। खासकर हमारे निर्देशक विभु कश्यप के साथ।



# टीवी की संस्कारी बहू हिना खान ने शेयर किया बॉसी लुक यूजर्स ने दिए जबरदस्त रिएक्शंस

टीवी एक्ट्रेस हिना खान अपने बहतरीन फैशन स्टेटमेंट्स से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ाने में रहती हैं। एक्ट्रेस हर वक्त अपनी सिजलिंग फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस हिना खान ने फैंस के बीच अपना लेटेस्ट बॉसी लुक की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका ग्लैमरस अवतार देखकर फैंस लट्टू हो गए हैं। हिना खान आए दिन अपनी हॉट एंड ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक बार फिर अपने लेटेस्ट बॉस लेडी लुक से इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनके सिजलिंग अंदाज को देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। साथ ही लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए इंस्टा पर रिएक्शंस भी दे रहे हैं। एक्ट्रेस हिना खान ने अपने लेटेस्ट लुक में कलरफुल ब्लेजर पहना हुआ है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। हालांकि फैंस भी उनकी इन तस्वीरों पर कॉमेंट्स करते हुए सुपरहॉट, बोल्ड एंड सेक्सी, सो ग्लैमरस, स्टनिंग जैसे कॉमेंट कर रहे हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका लुक अक्सर फैंस के बीच ट्रेंड करता है। एक्ट्रेस हिना खान की इन तस्वीरों को देखकर फैंस का दिल मचल गया है। ओपन स्ट्रेट हेयर लुक और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस हिना खान ने अपने इस लुक को काफी अच्छे से निखारा है।

## फिल्म जवान की एडवांस बुकिंग भारत में शुरू, शाहरुख खान ने वीडियो साझा कर दी जानकारी

शाहरुख खान की फिल्म जवान का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है और इसकी एडवांस बुकिंग शुरू होने का फैंस इंतजार कर रहे थे। विदेशो में तो कुछ समय पहले एडवांस बुकिंग शुरू हो गई थी और अब आखिरकार इंडिया में भी जवान की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। शाहरुख खान ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके इस बात की जानकारी दी है। शाहरुख ने जवान के ट्रेलर के साथ ही बताया था कि शुक्रवार को फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होगी।

शाहरुख खान ने एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें वह लोगों के कमेंट पढ़ते नजर आ रहे हैं। वीडियो में जवान के ट्रेलर की झलक भी दिखाई गई है। शाहरुख वीडियो में कहते हैं- बहुत बेकरार हैं सब जवान के लिए। शाहरुख ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा- आपकी और मेरी बेकरारी खत्म हुई। एडवांस बुकिंग जवान की शुरू हो गई है।

शाहरुख के इस पोस्ट पर फैंस ढेर सारे कमेंट करके अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा-पूरा थिएटर ही बुक कर देंगे। वहीं दूसरे ने लिखा- टिकट कितने का भी हो, एसआरके को देखना है तो मतलब देखना है। एक ने लिखा- थिएटर हिला डाला एसआरके ने।

# रवि दुबे सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में से एक हैं: आराधना शर्मा

**कोर्ट ड्रामा लखन लीला भार्गव में मेनका का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस आराधना शर्मा ने अपने को-एक्टर रवि दुबे की तारीफ की है। एक्टर रवि के साथ काम करने के अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा, निश्चित रूप से, रवि दुबे के साथ काम करना बेहद शानदार एक्सपीरियंस रहा है। वह सबसे स्किल्ड और टैलेंटेड एक्टर्स में हैं, जिनके साथ काम करने का सौभाग्य मुझे मिला है।**



अपनी कला के प्रति उनका समर्पण स्पष्ट है। उनके अथक कार्य नीति के साथ उनका रचनात्मक दृष्टिकोण वास्तव में उन्हें अलग करता है। रवि दुबे एक ऐसे अभिनेता हैं जो अपनी कलात्मकता की शक्ति में गहराई से विश्वास करते हैं। शो में अपने काम के बारे में बात करते हुए, आराधना ने कहा, मैंने वेब सीरीज में एक समानांतर नायक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मेरा किरदार मेनका एक असाधारण महत्वाकांक्षी महिला है, जिसकी सगाई लाखन के सौतेले भाई से हुई है। मेरा किरदार एक वर्तमान महिला की भावना को समाहित करता है, जो तेजी से विकसित हो रहे समाज में अपनी अनूठी यात्रा करने का प्रयास कर रही है। मैं एक ऐसी इंसान हूं, जिसके लिए अभिनय विश्वास की शक्ति के इर्द-गिर्द घूमता है। मैंने मेनका की कहानी को पूरे दिल से अपनाया। उन्होंने आगे कहा, मैं वेब पर शुरुआत कर रही हूं। इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं।

# विद्या बालन की मर्डर मिस्ट्री फिल्म नीयत ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हुई रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन की फिल्म नीयत 7 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसे दर्शकों और आलोचकों से मिश्रित समीक्षा मिली। सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद, मर्डर मिस्ट्री इस फिल्म एक सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध हो गई है।

ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर घोषणा की, झूठ को बेनकाब करना, एक समय में एक संदिग्ध उपस्थिति! नीयत ऑनप्राइम, अभी देखें। इस फिल्म में विद्या बालन ने सीबीआई अधिकारी मीरा राव की भूमिका निभाई है, जो एक अरबपति की रहस्यमय हत्या की जांच करने की प्रभारी है। विद्या बालन के अलावा, फिल्म में राम कपूर, प्राजक्ता कोली, राहुल बोस, शशांक अरोड़ा, शहाना गोस्वामी, नीरज काबी, अमृता पुरी और शेफाली शाह जैसे कई कलाकार शामिल हैं।



रिलीज से पहले, दर्शकों ने नीयत की तुलना हॉलीवुड मर्डर मिस्ट्री नाइव्स आउट से की क्योंकि दोनों फिल्में एक-दूसरे से काफी मिलती-जुलती थीं। इन तुलनाओं के बारे में पूछे जाने पर, विद्या ने बताया था, मुझे लगता है कि यह एक तारीफ है। लेकिन मुझे आपको बताना होगा, मैं टिप्पणियां नहीं पढ़ती हूं इसलिए मुझे नहीं पता। यह कहने के बाद कि यह एक बहुत ही सफल फिल्म है इसलिए मैं तुलना से खुश हूं क्योंकि हमने अभी तक केवल ट्रेलर जारी किया है। यदि आप इस शैली की पांच फिल्में चुनते हैं, तो आप किन्हीं दो के बीच कई समानताएं पाएंगे।

विद्या बालन, मल्टी टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं। वहीं, उनकी फिल्म नीयत की बात करें तो यह एक मर्डर-मिस्ट्री है, जिसका निर्देशन अनु मेनन ने किया है। विद्या इससे पहले अनु की फिल्म शकुंतला देवी में नजर आ चुकी हैं। नीयत की कहानी अनु, अद्वैत कला और गिरवानी ध्यानी के जरिए लिखी गई है। नीयत की कहानी की बात करें तो यह एक मर्डर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके शक के दायरे में कई किरदार हैं। हालांकि, असली कातिल कौन है यह देखना काफी दिलचस्प होता है।

नीयत फिल्म की शूटिंग मई 2022 में यूके में शुरू हुई थी, जिसकी जानकारी विद्या बालन ने सोशल मीडिया पर एक मुहूर्त क्लैप वाली फोटो साझा करते हुए दी थी। इस पोस्ट के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा था, अपने पसंदीदा लोगों में से कुछ के साथ हाल के दिनों में पढ़ी गई सबसे आकर्षक पटकथाओं में से एक की शूटिंग शुरू करने के लिए उत्साहित हूं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### वजन त्यौहार का किया गया औपचारिक शुभारंभ

**कांकेर।** जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में आज से 13 सितम्बर तक वजन त्यौहार मनाया जा रहा है, जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्रों में दाखिल बच्चों का समुदाय के समक्ष वजन लिया जा रहा है। जिले के कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज राजा पारा (आवासपारा) के आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्यौहार का औपचारिक शुभारंभ किया तथा वजन त्यौहार के प्रचार प्रसार हेतु तैयार किए गए सुपोषण रथ को हरी झंडी देकर रवाना किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी अधिकारियों को वजन त्यौहार सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देष दिये। उन्होंने अपने समक्ष आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का वजन तौलने को भी कहा। कुपोषण के प्रति सभी लोगो को मिलजुल कर प्रयास करने की समझाईष देते हुए उन्होंने कहा कि खान-पान और स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना सबकी जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने कुपोषण से मुक्ति पा चुके बच्चों और उनकी माता को सम्मानित कर उपहार भी प्रदान किया। इस अवसर पर उनके द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को कविता सुनाने कहा गया तथा उनसे सवाल पूछे। जिले के कलेक्टर का नाम पूछे जाने पर बच्चों ने उनका नाम बताया। वजन त्यौहार के अवसर पर गर्भवती माताओ, किशोरी बालिका, आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज बच्चों एवं उनके पालक, वजन त्यौहार को संपादित करने के लिए गठित दल के सदस्य, स्थानीय पर्यवेक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला बाल विकास अधिकारी तथा समीपस्थ स्कूली बच्चे एवं अध्यापक गण उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 15 तक मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 हेतु नामांकन/आवेदन योग्य बालक/बालिकाओं से 15 सितम्बर 2023 तक वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन मंगाये गये है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2024 हेतु प्रमुख बातें बालक/बालिका द्वारा अपनी जान की परवाह किये बिना, दूसरे की जान बचाने हेतु वीरता का किया गया कार्य, उक्त घटना दिनांक को बालक/बालिका की आयु 18 वर्ष से अधिक न हो एवं घटना अंतिम तिथि से 2 वर्ष के भीतर होनी चाहिए। आवेदक को पूर्व में इस हेतु राष्ट्रीय बाल द्वारा पुरस्कृत नहीं होना चाहिए। संलग्न आवश्यक दस्तावेज के रूप में घटना की एफ्आईआर अथवा पुलिस डायरी, समाचार पत्रों की कतरने जो इस बाबत प्रकाशित हुआ हो, उक्त घटना क्रम का कम से कम 250 शब्दों में घटना का विस्तृत विवरण सत्यापित प्रति सहित, जन्म संबंधी प्रमाण-पत्र एवं सभी आवश्यक दस्तावेज, 2 पासपोर्ट साइज के वर्तमान रंगीन फेटो ग्राफ्स, सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित एवं 4 अतिरिक्त पासपोर्ट साइज के फेटो, घटना का विस्तृत विवरण प्रतिवेदन-सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित (प्राचार्य/प्रधान पाठक, जिस स्कूल में बालक अध्ययनरत हो, पुलिस या अन्य विभाग), नामांकन/आवेदन 3 प्रतियों में निर्धारित प्रपत्र के अनुसार पूर्ण रूप से भरे हुए होना चाहिए। इस संबंध में संपूर्ण जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

### ग्रामीण औद्योगिक पार्क छेडिया में अगरबत्ती निर्माण कर आत्मनिर्भर बनी महिलाएं

**बालोद।** राज्य शासन के मंशानुरूप बालोद जिले में स्थापित की गई महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क ग्रामीणों को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उनके लिए बहुपयोगी साबित हो रहा है। इसी कड़ी में जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम छेडिया में स्थापित ग्रामीण औद्योगिक पार्क में प्रारंभ किए गए अगरबत्ती निर्माण कार्य ग्रामीणों एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से संबल बनाकर उनके सुखमय जीवन का आधार बन गया है। छेडिया में ग्रामीण औद्योगिक पार्क शुरू होने के पूर्व रोजगार के तलाश में शहरों एवं आसपास के गांवों में जाने वाले ग्रामीणों को अब उनके गांव में ही रोजगार का कारगर माध्यम उपलब्ध हो गया है। महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क छेडिया में अगरबत्ती निर्माण कार्य में लगी श्रीमती महिला उद्यमी श्रीमती अन्नपूर्णा साहू ने बताया कि यहां पर कुल 11 महिला उद्यमी अगरबत्ती निर्माण का कार्य कर रही हैं। जिनके द्वारा अब तक कुल 13 हजार 988 किलोग्राम अगरबत्ती निर्माण किया जा चूका है। श्रीमती अन्नपूर्णा साहू ने बताया कि उन्होंने 01 माह से कम अवधि में भी प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए अगरबत्ती निर्माण कर अब तक कुल 07 हजार 843 रुपये का आय अर्जित कर लिया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा उनके द्वारा निर्मित किए गए अगरबत्ती की बिक्री हेतु बॉय बैंक की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिसके फ्लस्वरूप अगरबत्ती की बिक्री हेतु मार्केटिंग की समस्या बिलकुल भी नही हो रही है। श्रीमती अन्नपूर्णा साहू ने बताया कि ग्रामीण औद्योगिक पार्क छेडिया में अगरबत्ती निर्माण कार्य से उन्हें निरंतर आय अर्जित होने से अब उन्हें किसी प्रकार के आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विशेष संरक्षित जनजातियों के विद्यार्थियों और सदस्यों से मुलाकात की

# बच्चे आगे बढ़ें और अपने समाज को आगे बढ़ायें - राष्ट्रपति मुर्मु

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन राजभवन में विशेष संरक्षित जनजातियों के विद्यार्थियों और अन्य सदस्यों से मुलाकात की और उनसे संवाद किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचदंन और मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल विशेष रूप से उपस्थित थे। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि बच्चे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करते हुए आगे बढ़ें और अपने समाज को भी आगे बढ़ायें।**



राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने राज्य की विशेष रूप से संरक्षित जनजातियों बैगा, पहाड़ी कोरवा, कमार, बिरहोर और अबूझमाड़ जनजाति के सदस्यों से संवाद करते हुए कहा कि जब भी वे देश में भ्रमण करती हैं तो वहां विशेष संरक्षित जनजाति के सदस्यों से अवश्य मिलती हैं। हम जानते है कि वे शैक्षणिक, एवं सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। समाज में जो कमजोर है उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। आज हमारा देश चंद्रमा तक पहुंच गया है। पीवीटीजी को भी आगे बढ़ना चाहिए। केंद्र और राज्य सरकार की योजना का लाभ लेकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त होकर देश की प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु नें विशेष पिछड़े जनजातियों के बच्चों से संवाद किया। बच्चों ने अपने सपनों और भविष्य की योजनाओं के बारे में उनसे खुलकर बात-चीत की। नारायणपुर जिले की अबूझमुडिया जनजाति की छात्रा कुमारी वंशिका नुरेटी जो यहां राजधानी के प्रयास विद्यालय में कक्षा नवमी में पढ़ती है, उसने कहा कि राज्य शासन द्वारा नीट की तैयारी के लिए अच्छी कोचिंग दी जा रही है। जिसका लाभ लेकर डॉक्टर बनना चाहती है। मुनार गांव की कुमारी माही भी रायपुर के प्रयास विद्यालय में पढ़ती है और डॉक्टर बनकर देश की सेवा करनी चाहती है। राष्ट्रपति से मिलकर वह बहुत खुश हुई और यह अवसर देने के लिए उनका आभार माना। कबीरधाम जिले के बैगा जनजाति के छात्र ओम प्रकाश मरावी भी डॉक्टर बनना चाहते हैं और समाज की सेवा के साथ ही अपने माता-पिता का नाम रोशन करना चाहते हैं। अबूझमाड क्षेत्र के कोहामेटा गांव के निवासी श्री सुखराम नुरेटी ने कहा कि प्रयास आवासीय विद्यालय में पढ़कर उन्होंने अपना कैरियर बनाया है। वर्तमान में वे बस्तर जिले में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत है। उन्होंने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी योजनाओं का लाभ उठाकर अपना सुरक्षित भविष्य बनाया है। राज्य शासन द्वारा विशेष पिछडी जनजातियों के 1000 से अधिक शिक्षित युवाओं को शासकीय सेवाओं में नियोजित किया गया है। राज्य में पहली बार धमतरी जिले के 22 कमार जनजाति ग्राम के निवासियों को पर्यावास अधिकार प्रदान किया गया है। जिससे कमार जनजाति के संरक्षण के साथ-साथ जंगल के संरक्षण में मद्द मिली है। जिसके लिए कमार जनजातियों के सदस्यों ने आभार व्यक्त किया। श्रीमती मुर्मु ने सभी से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त की और उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आदिमजाति विभाग के सचिव डी. डी. सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया। विशेष संरक्षित जनजातियों के विकास के लिए संबंध में शासन द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी। जनजाति के सदस्यों ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया और उन्हें बीरनमाला, खुमरी और कलगी फेंटा भेंट किया।

# विधायक भाई को राखी बांधने पहुंची हजारों बहनें

## छोटों को दिया प्यार और बड़ों का लिया आशीर्वाद



श्रीकंचपनथ न्यूज

**भिलाई। रक्षा बंधन के पावन पर्व अवसर पर आज 1 सितंबर को भिलाई नगर विधायक माननीय देवेंद्र यादव के विधायक कार्यालय सेक्टर 5 में राखी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां शहर भर से हजारों की संख्या में बहने अपने विधायक भाई को राखी बांधने के लिए पहुंची।**

सुबह 9 बजे से राखी मिलन समारोह का आयोजन शुरू हुआ। खुर्सीपार, हुडको, भिन्न सेक्टरों सहित छावनी सभी जगह से हजारों की संख्या में महिलाएं व युवतियां राखी बांधने के लिए विधायक कार्यालय पहुंची। सभी ने विधायक श्री यादव को राखी बांधा खूब सारा स्नेह और अशीर्वाद दिया। सुबह से राखी बांधने का दौर देर शाम तक चलता रहा। दिन भर में करीब 15 हजार महिलाएं विधायक को राखी बांधी। विधायक देवेंद्र यादव के दोनों हाथ पूरी तरह से राखी से बंध गए थे। राखी बांधने के लिए उनके हाथ में जगह भी नहीं बची। राखी बांधने के लिए इतनी बहनों की इतनी ज्यादा संख्या हो गई थी कि जो पंडाल बनाएं गए थे। उसमें जगह ही नहीं बची। इसके कारण विधायक देवेंद्र खुद पंडाल से बाहर निकल गए। सभी ने पहले तो राखी बांधा उसके बाद साथ में भोजन किए। इस दौरान विधायक कार्यालय में सांस्कृत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। यहां विधायक ने भी भाई बहन के प्रेम के गीत गाए। इस दौरान विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि इतना प्रेम औ आशीर्वाद मुझे इस जीवन में मिल पा रहा है। यह मेरा सौभाग्य है। इतनी सारी मेरी छोटी-बड़ी सभी बहनों ने मुझे राखी बांधा। मेरे दोनों हाथ राखी से भर गए। जिन भाइयों के बहन होते हैं, वह सौभाग्यशाली होता ही है। मैं और भी ज्यादा सौभाग्यशाली हूं,क्योंकि मेरी इतनी सारी बहनें हैं।

# दया सिंह ने मैहर मंदिर में की पं. धीरेन्द्र शास्त्री से मुलाकात

## 22 से 24 सितंबर तक भिलाई में लगेगा दरबार

श्रीकंचपनथ न्यूज



**भिलाई।** बागेश्वर धाम वाले पंडित धीरेंद्र शास्त्री का भिलाई आना तय हो गया है। भिलाई में उनका दरबार 22 सितंबर से 24 सितंबर तक लगेगा। पं धीरेन्द्र शास्त्री के श्रीमुख से हनुमंत कथा का आयोजन होगा। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने मैहर मंदिर में पंडित धीरेंद्र कृष्णा शास्त्री से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया है।

दया सिंह ने बताया कि आयोजन की तैयारी पूरी हो गई है। पंडाल से लेकर सभी जरूरी संसाधन की तैयारी चल रही है। आयोजन में किसी प्रकार की शंका नहीं है। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्रीजी आ रहे हैं। दया सिंह ने बताया कि, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दरबार में लाखों लोग पहुचेंगे। जयंती स्टेडियम सिविक सेंटर में यह आयोजन होगा। दया सिंह ने बताया कि सुबह से दोपहर तक बाबा का दरबार लगेगा. दोपहर से शाम तक हनुमंत कथा होगी।

आयोजन समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि आयोजन को लेकर हमारी तैयारी शुरू हो गई है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने भिलाई को वक्त दे दिए हैं औ अर्जी स्वीकार कर ली गई है। पंडितजी से इस बारे में चर्चा हो गई है। तैयारी की समीक्षा भी बागेश्वर सरकार धाम ने कर लिया है। जिस तरह देश में भगवा धारी का झंडा लहरा रहे हैं इसी प्रकार भिलाई में भी भगवा ध्वज का परचम लहराएगा?।

# विधायक ने अफसरों की ली मिटिंग-कहा विकास कार्य तेज करें, अधूरे कार्यो पर जताई नाराजगी

श्रीकंचपनथ न्यूज

**दुर्ग। शहर विधायक अरुण वोरा द्वारा महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर की मौजूदगी में विकास कार्यो के लिए अधिकारी बेहतर समन्वयन के साथ कार्य करें। विधान सभा क्षेत्र में जन हित को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक की।**



बैठक में विधायक अरुण वोरा ने दुर्ग शहर विधान सभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो का ब्योरा लिया और अधिकारियों को अधूरे कार्यो को जल्दी पूरा करने के निर्देश दिए ।उन्होंने बैठक में कहा शहर में आधे अधूरे कार्यो का निरीक्षण करें,कार्यो को जल्द पूरा करें ।अमृत मिशन के कार्यो को लेकर विधायक ने अब किसी भी वार्डो में पानी की समस्या नही होनी चाहिए,ऐसा होता है तो संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी ।बैठक में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि धनवंतरि जेनेरिक में अब तक 3 करोड़ की खरीदी की गई। विधायक व महापौर ने बारी - बारी जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट,अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क पोटिया,सी मार्ट, वार्ड वार स्वीकृत राशि के पूर्ण,प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्य और शंकर नाला निर्माण के अलावा पुलगांव नाला डायवर्सन,मुक्तिधाम व गौरव पथ मार्ग निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट मांगी ।और समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यो जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये ।विधायक अरुण वोरा ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा लगभग 100 करोड़ से भी अधिक विकास कार्य शहर के अंदर हो चुका है,उन्होंने कहा कि शहर के हर एक वार्डो में बिना किसी भेदभाव किया गया है ।आगे भी लगातार विकास कार्य जारी रहेगा ।गौरवपथ के कार्य सौंदर्यीकरण कार्य पेंटिंग लाईट व अन्य को कार्य को जल्द पूर्ण करें ।उन्होंने कहा कि शुलभ शौचालय संस्थाओं द्वारा संचालित अब ऐसे संस्थाओ को सौंपे जो योग्यता रखता हो। शहर विकास के लिए विधायक निधि से होने वाले कार्य 2 करोड़ दिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर कोरोना कॉल के दौरान शिविर हेतु लोगो की जान बचाने के लिए विधायक निधि से 2 करोड़ का राशि दिया गया ।विधायक ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि हर एक वार्डो में सफ्ाई को लेकर मुहिम चलाए, ताकि शहर के अंदर डेंगू का खतरा न मंडराये ।वार्डो के अंदर सभी पोल पर लाईट की व्यवस्था अच्छी हो। बैठक में उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, राजेश पांडेय,प्रकाश चंद थवानी, जितेंद्र समैया,संजय ठाकुर, आरके बोरकर,जावेद अली, स्वेता महलवार,भारती ठाकुर, हरिशंकर साहू,पंकज साहू,विकास दमाहे, करण यादव के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# युवा व्यापारियों को नई तकनीक से प्रशिक्षित कर रहा है कैट



श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की युवा इकाई. हर माह युवा व्यापारियों के लिए बिज़नेस मीट का आयोजन कर रहा है। इस महत्वपूर्ण बैठक में राजधानी के युवा व्यापारी उत्साह से बडी संख्या में भाग ले रहे है।

कैट के प्रदेश युवा अध्यक्ष अवनीत सिंह ने बताया कि कैट लगातार बिज़नेस मीट आयोजित करके युवा व्यापारियों को नई तकनीक के साथ व्यापार बढानें, उनमे लीडरशिप एवं पर्सनलिटी डेवल्पमेंट एवं उनके कौशल विकास पर कार्य कर रहा है। जिससे युवा व्यापारियों को नई तकनीक, नेटवर्क से नेटवर्थ एवं ट्रेड पालिसी जानकर लाभ ले रहे है। साथ ही कैट युवाओ कों डिजिटल, ई-कॉमर्स, जीएसटी और आयकर सहित विभिन्न व्यापारिक विषयों पर युवाओं को प्रशिक्षित कर रहा है।

इस आयोजन में विशेष रूप से युवा कैट के अध्यक्ष अवनीत सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक विधानी, महामंत्री अमर धिगांनी, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी महामंत्री विक्रांत राठौर, अन्य पदाधिकारी भूपेन्द्र सिंह, परविंदर सिंह, रमेश खोडियार, हितेश ओसवाल, हरसुख पटेल, सुरेश वासवानी, सुनील पटेल, धीरज पटेल, रौनक पटेल, रूपेश पटेल, संजय पारेख, मनीष साजवानी, आशीष चौहान, हरप्रीत सिंह, हरदीप सिंह, मनीष सोनी, राकेश लालवानी, सुशील लालवानी, शैलेन्द्र शुक्ला, जैराज गुरनानी, संदीप अग्रवाल, राजेश बिहानी, अशोक कुमार पटेल, अमित गुप्ता, नितिन राठी, सोपान अग्रवाल, मोनू सलूजा, अंकित बागडी, एवं संदीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### विधानसभा निर्वाचन 2023 : कलेक्टर ने किया जिले के सीमावर्ती ग्राम कल्लूबंजारी बेरियर का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह विधानसभा निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने जिले के सीमावर्ती ग्राम कल्लूबंजारी बेरियर का निरीक्षण किया। उन्होंने बेरियर में आने जाने वाली गाडियों की जांच के लिए लगे सीसीटीवी कैमरा और रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2023 को देखते हुए वाहनों की कड़ाई से जांच करें। उन्होंने कहा कि यह जिले का अंतिम छोर है, इसके बाद महाराष्ट्र राज्य लग जाता है। इसके लिए यहां निरंतर जांच की गतिविधियां बढ़ाई जाये, इसके साथ ही यहां पुलिस की चौकसी बढ़ाने के लिए कहा, ताकि वाहनों की जांच करने में आसानी होगी तथा अवैध मदिरा, जुआ, पैसो का लेन-देन एवं अन्य अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाया जा सकेगा।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### पुलिस मुखबिरी के शक में फिर एक ग्रामीण की हत्या, अपहरण कर हत्या के बाद सड़क पर फेंका शव

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में ग्रामीण की हत्या कर दी। कुछ दिन पहले की मृतक अपने परिवार से मिलने गांव आया था। नक्सलियों ने पहले उसे अगवा किया और उसके बाद हत्या कर शव को सड़क पर फेंक कर चले गए। जानकारी लगते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना थाना चिंतागुफा क्षेत्र की है। यहां के मिनपा गांव के पास नक्सलियों ने मुखबिरी के आरोप लगाते हुए गांव सिलगेर निवासी कोरसा कोसा की हत्या कर दी। कोरसा कोसा आंध्र प्रदेश में रहकर कामकाज करता था। उसकी शादी पालागुड़ा बीजापुर में हुई थी। बताया जा रहा है कि वह अपनी पत्नी व अन्य परिवार वालों से मिलने के लिए कुछ दिन पहले ही गांव पहुंचा था। नक्सलियों ने पालागुड़ा से कोरसा कोसा का अपहरण कर लिया था। अपहरण के बाद मिनपा समीप किसी अज्ञात स्थान पर नक्सलियों ने उसकी धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। जबकि पुलिस का कहना कि कोरसा कोसा या उसके परिवार के किसी भी सदस्य का पुलिस से कोई संबंध नहीं है। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### पत्नी के ससुराल में पति ने पड़ोसी महिला संग पी शराब दोनों की मौत

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। देशी शराब पीने के बाद एक महिला व पुरुष की मौत हो गई। घटना जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अमोदा का है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अमोदा में बाराद्वार निवासी 30 वर्षीय किरण कुमार सूर्यवंशी अपनी पत्नी को लेकर साले के घर रक्षाबंधन त्योहार मनाने आया था। रात 7 बजे उसने गांव में ही किसी के घर से देसी शराब खरीदी और पड़ोस की महिला ललिता सूर्यवंशी (46) के साथ शराब पी। शराब पीते ही दोनों जमीन पर गिर पड़े। जिसे परिजनों ने आनन-फानन में जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों की टीम ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। माना जा रहा है कि दोनों ने जो शराब पी थी वह जहरीली थी जिसके कारण दोनों की मौत हो गई। हालांकि पुलिस ने इस मामले में कहा है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह सामने आएगी।

### सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत, स्कूल जाते समय हइवा ने मारी ठोकर

**बिलासपुर।** न्यायधानी बिलासपुर के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां स्कूल जा रहे भाई-बहन हादसे का शिकार हो गए। दोनों साइकिल से स्कूल जा रहे थे इस दौरान तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। हादसे की खबर लगते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस व तहसीलदार घटना स्थल पहुंचे और लोगों को समझाइश दी।

मिली जानकारी के मुताबिक, सिरगिट्टी क्षेत्र के नयापारा वार्ड नंबर 12 में रहने वाले किराना दुकान संचालक लालू केवट की भांजी और भांजा यहां सरकारी स्कूल में पढ़ाई करते हैं। कक्षा दसवीं की छात्रा भावना केवट और कक्षा सातवीं के छात्र आयुष केवट साइकिल पर सवार होकर शनिवार सुबह सात बजे बन्नाक चौक स्थित सरकारी स्कूल जा रहे थे। इस बीच नगर निगम जोन 2 ऑफिस जाने वाले मार्ग पर पेट्रोल टंकी के पास मोड पर तेज रफ्तार एक हाइवा ने दोनों को ठोकर मार दी।

डंडे से पीट-पीटकर पत्नी की हत्या

# शराब पीकर इधर-उधर घूम रही थी महिला पति ने मार डाला, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़ (ए)।** रायगढ़ जिले में शराब के नशे में पत्नी का इधर-उधर घूमना पति को इतना नागवार गुजरा कि उसने डंडे से पीट-पीटकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कापू थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, ग्राम बताती खालपारा में बुधवार की शाम पति महेश मंझवार (50) का अपनी पत्नी भजन कुंवर (45) के बीच जमकर विवाद हो गया। मृतका के परिजनों ने बताया कि 30 अगस्त की शाम महेश ने अपनी पत्नी से कहा कि भाभी नैहरी बाई का निधन हो गया है। सोमवार को होने वाले अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी, दोना और पत्तल इकट्ठा करना है।

इधर पत्नी भजन कुंवर शराब के नशे में धुत इधर-उधर घूम रही थी और पति की बात पर ध्यान नहीं दे रही थी, जिससे पति महेश का गुस्सा भड़क गया। उसने कहा कि रिश्तेदारी में कोई खत्म हो गया है और तुम शराब पीकर घूम रही हो। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद बढ़ा और महेश मंझवार ने गुस्से में आकर गालीगलौज करते हुए पत्नी की डंडे से जमकर पिटाई कर दी। शरीर के अंदरूनी हिस्सों में गंभीर चोट लगने की वजह से भजन कुंवर की मौके पर ही मौत हो गई।

मामले की जानकारी मिलने पर कापू थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए। फरार आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में इस्तेमाल डंडे को भी जब्त कर लिया गया है। शुक्रवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

44 कबाड़ियों की 25 से ज्यादा दुकानें सील

## चोरी के सामानों को खपाया जा रहा था, पुलिस की अलग-अलग 22 टीमों ने की कार्रवाई

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने 44 से अधिक कबाड़ियों पर कार्रवाई कर 25 से अधिक दुकानों को सील करवाई है। शहर के अलग-अलग जगहों पर चोरी की बढ़ती घटनाओं के बाद कबाड़ की दुकानों में सामानों को खपाया जा रहा था। शिकायत के बाद पुलिस ने 22 अलग-अलग टीमें बनाकर कार्रवाई की गई।



इन टीमों में राजपत्रित अधिकारीयों से लेकर एसीसीयू प्रभारी और जिले के सभी शहरी थानों के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया था। टीम में 14 निरीक्षक, 20 उप निरीक्षक, 25 सहायक उप निरीक्षक और 80 से अधिक प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक शामिल थे।

इन टीमों ने 31 अगस्त की शाम 35 अलग-अलग टीमों में बंटकर औचक कार्रवाई की। टीमों ने जिले के शहरी थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध कबाड़ियों के ठिकानों पर रेड किया। इस दौरान कुल 44 कबाड़ियों के गोदामों पर एक साथ दबिश दी गयी। कई जगह भारी मात्रा में लोहे के अवैध कबाड़ वाहनों के कटे हुए कलपूर्जे भी मिले। सेंटरिंग प्लेट, बीएसपी का सरिया, लोहा, ऐंगल सहित कुछ कबाड़ियों के यहां उद्योगों में बनने वाले जॉब वर्क भी पाए गए।

### 15 से अधिक कबाड़ियों को किया गया गिरफ्तार

कार्रवाई के दौरान दुर्ग पुलिस ने 15 से अधिक कबाड़ संचालकों को हिरासत में लिया है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई की मॉनीटरिंग खुद एसपी दुर्ग ने की। इस दौरान जामुल थाना क्षेत्र के कबाड़ी राजू मंडले की दुकान से 1 ट्रक स्क्रैप जप्त किया गया। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

दुर्ग एसपी ने कार्रवाई के दौरान जिले के बड़े कबाड़ी नदीम, ललित, शाकिर, पाल कबाड़ी, राजू मंडले सहित दर्जनों कबाड़ियों की दुकानों को सील करने का आदेश दिया। उनका कहना है कि दुकान सील करने की कार्रवाई के बाद सभी अवैध कबाड़ संचालकों को प्रतिबंधित करते हुए बाउंडओवर कराने की तैयारी की जा रही है।

## सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों को बड़ी कामयाबी, डीएकेएमएस अध्यक्ष गिरफ्तार, विस्फोटक भी बरामद



**बीजापुर (ए)।** नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सर्चिंग पर निकली सुरक्षाबलों की संयुक्त पार्टी ने सावनार डीएकेएमएस अध्यक्ष पकड़ने में सफलता हासिल की है। जवानों ने उसके कब्जे से विस्फोटक भी बरामद की हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, डीआरजी बीजापुर, एसटीएफ, सीआरपीएफ 85 तथा 222 बटालियन की सयुंक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान पर तोड़का, पालनार व सावनार की ओर निकली थी। अभियान में दौरान सावनार के जंगल मे गस्त सर्चिंग के दौरान सावनार डीएकेएमएस अध्यक्ष आयतू पदम पिता चिन्ना पदम उम्र 35 निवासी सावनार मुकापारा थाना गंगालूर को पकड़ा गया।

इसके कब्जे से जवानों ने एक थैला में से पांच किलो का एक टिफिन बम, दो जिलेटिन, तीन फिट काडेक्स वायर और 2 डेटोनेटर बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया नक्सली पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से रास्ते पर आईईडी प्लांट करने की योजना बना रहा था। पकड़े गए नक्सली के विरुद्ध गंगालूर थाना में वैधानिक कार्यवाही के बाद न्यायिक रिमांड पर न्यायलय बीजापुर में पेश किया गया हैं।

# चरवाहे की हत्या मामले में छह आरोपी गिरफ्तार, एक ही परिवार के हैं सभी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** कबीरधाम जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र में ग्राम कान्हाभैरा में 29 अगस्त को एक चरवाहे की लाठी डंडे से पीटकर हत्या की गई थी। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गए थे। जांच में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी एक ही परिवार के हैं। मामले में धारा 147, 148, 149, 294, 506 (बी), 323, 307, 302 के तहत कार्रवाई की गई है।



पिपरिया थाना प्रभारी भूषण एक्का ने बताया कि फसल चराई और गाय बांधने को लेकर हुए विवाद के चलते हत्या की गई। घटना 29 अगस्त की है। मृतक गेंदराम यादव (53) कान्हाभैरा गांव का रहने वाला था, जो पेशे से चरवाहा था। रोज की तरह 29 अगस्त को भी गेंदराम पशुओं को चराने गांव के बड़े बगीगा के पास पहुंचा। तभी गन्ना के खेत की तरफ से सभी छह आरोपी लाठी व टंगिया लेकर निकले और चरवाहे पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे बुरी तरह से घायल चरवाहे को जिला अस्पताल कवर्धा पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

मौत से पहले अस्पताल में चरवाहे ने पुलिस को बयान दिया था। पुलिस ने घटनास्थल से जुटाए साक्ष्य व गवाहों के बयान लिया। वारदात के बाद फरार आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी। आरोपी सुरेश पिता कृष्ण चंद्रवंशी (45), नरेन्द्र पिता कृष्णा चंद्रवंशी (42), सुनील पिता सुरेश चंद्रवंशी (22), विक्की पिता नरेश चंद्रवंशी (19), जितेन्द्र पिता बलदाऊ चंद्रवंशी (23) और बलदाऊ पिता कंगला चंद्रवंशी (60) सभी निवासी कान्हाभैरा को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन सभी को जेल भेज दिया गया है।

# दुष्कर्म पीड़िता को चार साल बाद मिला न्याय कोर्ट ने दोषी को सुनाई उम्रकैद की सजा

**रायपुर (ए)।** चार साल पहले राजधानी रायपुर के राखी थाना क्षेत्र में एक किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपित को कोर्ट ने आजीवन कारावास के साथ दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर आरोपित को एक महीने तक अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक यास्मीन बेगम ने बताया कि 14 अप्रैल, 2019 को पीड़ित किशोरी ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई कि राखी पुलिस थाना क्षेत्र में शाम छह बजे जब वह शौच करने खेत में गई थी तो वहां पर मूलत: गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के बांसीन गांव निवासी शेखर रात्रे (26) आ धमका और शादी करने की बात कहकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपित फरार हो गया था। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने ठोस सुबूत और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपित शेखर रात्रे को दोष सिद्ध ठहराते हुए धारा 376(3) के अपराध में आजीवन कारावास के साथ दो हजार रुपये अर्थदंड से दंडित करने का फैसला सुनाया।

### पीड़िता को पांच लाख क्षतिपूर्ति देने की अनुशंसा

कोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िता को पांच लाख रुपये क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने की अनुशंसा की है। आदेश में पीड़िता के खाते में 1.25 लाख रुपये नकद जमा कराने के साथ शेष राशि 3.75 लाख रुपये तीन वर्ष की न्यूनतम अवधि के लिए किसी राष्ट्रीयकृत बैक में सावधि खाते में जमा कराने को कहा गया है। यह राशि परिपक्वता के बाद पीड़िता को देय होगी।


कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग

// निविदा आमंत्रण सूचना //

ज्ञाप क्र. 7372 /नि.प्र. क्र.-05/लो.नि.वि./2023-24 दुर्ग, दिनांक 28/08/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 06/09/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 15/09/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 20/09/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस मे खोली जावेगी।

| स.क्र./ निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) T0092 | Providing E/F to Govt. Higher Secondary School Building at Sanjari Block Dondilohara, District Balod. | 11.64 Lacs |
| (2) T0093 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of 01 No. 8 Passenger Lift work at Old Court Building Durg, District Durg | 16.70 Lacs |
| (3) T0094 | Providing Annual Maintenance work to Government Press Building at Rajnandgaon | 10.00 Lacs |
| (4) T0095 | LT Line / 11KV Line / Transformer DP Shifting & Electrification work at Ghotiya Chowk to Jhalmala Chowk Road Distt. Balod. (2nd Call) | 17.29 Lacs |
| (5) T0096 | Providing Maintenance work of Air Conditioner, Refrigerator, R.O. and Water Cooler in E/M Division, Durg | 10.00 Lacs |
| (6) T0097 | Providing Fire Alarm and Networking System & Deposit work under E/M Sub Division, Durg / Rajnandgaon | 15.00 Lacs |
| (7) T0098 | Providing Fire Alarm and Networking System & Deposit work under E/M Sub Division, Kawardha / Balod / Bemetara | 15.00 Lacs |
| (8) T0099 | Providing General Electrification work OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under District Durg (Zonal work) | 19.40 Lacs |
| (9) T0100 | Providing General Electrification work OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Civil Division, Durg (Zonal work) | 18.50 Lacs |
| (10) T0101 | Providing General Electrification work OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under District Rajnandgaon (Zonal work) | 19.60 Lacs |
| (11) T0102 | Providing General Electrification work OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Civil Division, Rajnandgaon (Zonal work) | 18.80 Lacs |
| (12) T0103 | Providing General Electrification work OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Civil Division, Khairagarh (Zonal work) | 18.60 Lacs |
| (13) T0104 | Providing General Electrification work OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under District Kabirdham (Zonal work) | 19.20 Lacs |
| (14) T0105 | Providing General Electrification work OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Civil Division, Kawardha (Zonal work) | 18.40 Lacs |
| (15) T0106 | Providing General Electrification work OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under District Balod (Zonal work) | 19.60 Lacs |
| (16) T0107 | Providing General Electrification work OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Civil Division, Balod (Zonal work) | 18.50 Lacs |
| (17) T0108 | Providing General Electrification work OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under District Bemetara (Zonal work) | 19.70 Lacs |
| (18) T0109 | Providing General Electrification work OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Civil Division, Bemetara (Zonal work) | 18.30 Lacs |
| (19) T0110 | Providing E/F work to Govt. High School Building at Tora Block Nawagarh, District Bemetara. | 8.00 Lacs |
| (20) T0111 | Providing E/F work to Tahsil office Building at Deokar, District Bemetara | 7.02 Lacs |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तें का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।
टीप:- (1) सरल क्र.- 04 के लिए CSPDCL में पंजीयन होना अनिवार्य है।
(2) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेंगा।

जी-04784/5

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग ( वि./यां. ) संभाग



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)


भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

राजीव युवा मितान क्लब
छत्तीसगढ़

# राजीव युवा मितान सम्मेलन

## 2 सितंबर 2023
मेला स्थल, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़

मुख्य अतिथि
## श्री राहुल गांधी
मानीनय सांसद




## किया वादे से ज्यादा, भरोसा बरकरार
## युवाओं के साथ छत्तीसगढ़ सरकार

**सरकारी नौकरी के सपने हो रहे पूरे**
42,000 विभिन्न शासकीय पदों पर भर्ती जारी

**आकांक्षाओं पर निवेश**
शिक्षित बेरोजगार युवाओं को प्रतिमाह 2,500 रु भत्ता

**मजबूत भविष्य को आकार**
कौशल विकास प्रशिक्षण से
4.68 लाख युवाओं का भविष्य मजबूत

**युवाओं को आर्थिक राहत**
सीजीव्यापम और सीजीपीएससी
की परीक्षाओं की फीस माफ

**रोजगार मेला - सफलता की राह**
18,666 युवाओं के हाथों में रोजगार-स्वरोजगार

**उज्ज्वल भविष्य का निर्माण**
10 नए स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय

**स्कूली शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा**
हायर-सेकेंडरी में भी आईटीआई शिक्षा और प्रमाण पत्र

**तकनीकी प्रशिक्षण से रोजगार की राह आसान**
194 आईटीआई संचालित, 36 शासकीय आईटीआई
का टाटा टेक्नोलॉजीस के साथ एमओयू

**मजबूत युवा हाथों में निर्माण की जिम्मेदारी**
ब्लॉक स्तर पर पंजीकृत युवा इंजीनियरों को दिए जा रहे
20 लाख रु तक के निर्माण कार्य

**निखर रहीं खेल प्रतिभाएं**
4 आवासीय, 3 गैर आवासीय खेल अकादमियां,
24 खेलो इंडिया सेंटर स्थापित
8 नई खेल अकादमियां प्रस्तावित

**जमीनी स्तर की युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा**
13,242 राजीव युवा मितान क्लबों के माध्यम से
3.33 लाख युवाओं का सशक्तीकरण

**मजबूत नींव**
33 जिलों में अजा. अजजा. वर्ग के युवाओं
के लिए नि:शुल्क कोचिंग

RO- 38296/52

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950